खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 28 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 290 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़हा के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़हा के मौके पर 28 मई को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा। **-प्रबंधक**

## संक्षिप्त समाचार

### एआई की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आई। विमान की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

### असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए।

# अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: ईरान

## कहा: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही होगी शुरू, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।



- यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर नहीं होगी लागू
- होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। अमेरिका की तरफ से अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसकी अनुमति से 23 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इससे एक दिन पहले 25 जहाजों की आवाजाही की जानकारी दी गई थी। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही उसकी अनुमति से कराई जा रही है। ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी ने अमेरिका-ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है। हालांकि इसमें क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक और सैन्य ठिकाने शामिल होंगे या नहीं, इस पर अभी बातचीत बाकी है।

# दिल्ली में 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंचने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।



- 29 मई को राहत की संभावना

राजधानी सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली- एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रह सकता है और 28 मई से पहले राहत की संभावना कम है। महीने के अंत तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में आंधी और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट आ सकती है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार विदर्भ क्षेत्र देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में बना हुआ है। ब्रह्मपुरी में तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस और नागपुर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने वर्धा, अमरावती और चंद्रपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और अगले दो दिनों तक गंभीर हीटवेव की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कई हिस्सों में भी लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम राजस्थान और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। तेलंगाना के 10 जिलों में भी हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों में गंभीर लू चलने की आशंका जताई गई है।

### प्री-मानसून बारिश 5 जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की वैधता रखी बरकरार

## कहा: यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है।



- नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित -**शेष पृष्ठ दो पर**

### शीर्ष कोर्ट से अमेजन को बड़ी राहत, सीसीआई की तरफ से लगा 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जून 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। आदेश में ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसमें 17 दिसम्बर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की पीठ ने कहा कि यदि इन आदेशों के तहत अमेजन से कोई राशि जमा कराई गई है या वसूली गई है, तो उसे 8 सप्ताह के भीतर वापस किया जाए।




# सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने की कवायद

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

- 25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required: Assistant Professor For**

- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

**Qualification: As per University/UGC Norms.**

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**

Deoband, Distt., Saharanpur

Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

**Contact No. : 9045143298, 8755525452**

Email Id- idcdeoband@gmail.com









## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल: तिवारी

**नई दिल्ल।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते गठजोड़ को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है और इसका असर देश की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों पर पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा ष्आज फिर खतरे की घंटी बज गई है। पाकिस्तान और चीन का संयुक्त बयान जारी हुआ है। जिस चीन को हमने पाकिस्तान से दूर रखा हुआ था, मोदी सरकार के 12 वर्षों में दोनों को गले मिला दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद मोदी जी चीन को झूला झुलाते रहे और चीन जाकर पाकिस्तान के पाले में बैठ गया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान चीन ने अपने अखबारों में खुद स्वीकार किया था कि उसने पाकिस्तान के साथ साम. रिक और सुरक्षा मामलों में सहयोग किया।

### घरेलू मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या कम करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने षविमान ईंधन की ऊंची लागत के मद्देनजरष घरेलू के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कंपनी ने जून से अगस्त के बीच चुनिंदा मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, ष्सकल परिचालन पर ईंधन की ऊंची लागत के जारी प्रभाव के कारण ए बदलाव किए गए हैं।ष प्रभावित यात्रियों को दूसरी उड़ानों में बुकिंग, तारीख में बिना शुल्क बदलाव या पूरा रिफंड लेने के विकल्प दिए जाएंगे।

# योगी सबसे असफल सीएम: अखिलेश

## उत्तर प्रदेश में बिजली कटौती पर भड़के सपा मुखिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती को लेकर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा और योगी आदित्यनाथ को राज्य का सबसे असफल मुख्यमंत्री बताया। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को लेकर सियासत गर्म हो गई हैं। समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से बिजली को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने यूपी में बिजली आपदा के पीछे मंत्री एके सिंह को जिम्मेदार बताया और कहा कि अब भाजपा में करंट नहीं रहा।

अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज कसा और लिखा कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं, तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधों पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी, क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखकर जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। उत्तर प्रदेश इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, नोएडा, आगरा, मेरठ समेत कई जिलों में बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा हैं। कई जगहों पर तो लोगों ने सड़क पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किए, जिसके बाद तूल पकड़ लिया है।

# कांग्रेस और राहुल गांधी माफी मांगें: नकवी

नई दिल्ली, वार्ता



■ दोनों ने लोकतंत्र को बदनाम किया
■ एसआईआर के नाम पर फैला रहे भ्रम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेताओं ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल को आत्ममंथन करने तथा लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अपने फैसले के जरिए उन लोगों को साफ संदेश दिया है जो इस पर सवाल उठा रहे थे और डर तथा भ्रम फैला रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग एसआईआर के बारे में दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैला रहे थे, उन्हें न्यायालय के फैसले से कड़ा जवाब मिला है।बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे चुनावों में जनता ने जनादेश के जरिए ऐसे तत्वों को पहले ही नकार दिया है और अब न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई कोई नई योजना नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष कोर्ट के फैसले को स्वागत करते हुए लिखा कि गांधी और कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब! न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक घोषित किया! यह साफ है कि श्री गांधी और कांग्रेस ने शुरू से ही इसका विरोध इसलिए किया, क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के साथ नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। यह सही मायनों में एक 'राष्ट्र-विरोधी कृत्य' था!

### इंडिया गठबंधन का वास्तविक चरित्र सामने आया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से 'सनातन धर्म विध्वंसक और घुसपैठिया संरक्षक इंडिया गठबंधन' का वास्तविक चरित्र सामने आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय ने संविधान सम्मत और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है। इसके साथ ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए इसे आवश्यक माना है। अराजकता अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए।

## आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत, चलेंगी तेज हवाएं

# यूपी में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बौछारें पड़ने की संभावना, आंधी से पूर्वी यूपी के 3 जिलों में आठ लोगों की मौत

**लखनऊ।** पिछले एक पखवारे से प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उप्र में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं लू तो कहीं तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शाम को पश्चिमी उप्र में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी उप्र में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर भीषण लू चलने की चेता. वनी भी जारी की है। 28 मई से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।

पश्चिमी उप्र में 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी, जो झोंकों में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की गई है।

बीते दो दिनों में आंधी-तूफान और बारिश से लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान इन जिलों में हादसे में 8 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई तक यूपी सहित उत्तर भारत के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर सहित कई जिलों में तूफान के दौरान कई मकानों की दीवार गिर गई। इतना ही नहीं कई जगह तो टीन-शेड के उड़ने की खबरें भी सामने आईं। आंधी-तूफान के दौरान लखीमपुर के कारीबडेरी गांव में आग से 40 घर जलकर राख हो गए। तूफान के इस आतंक से लोगों में अफरातफरी मच गई। इन हादसों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। तेज हवाओं से कई जगह बिजली के पोल और पेड़ भी टूट गए, जिससे कई गांवों की बिजली गुल हो गई। गोंडा में मनकापुर-अयोध्या रेल मार्ग पर तेज तूफान से पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हुआ। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने की वजह से यात्रियों को कफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तूफान थमने पर रेलवे कर्मियों ने रेल मार्ग को साफ कराया, जिससे रेल फिर से चल सकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मची इस हलचल को लेकर संवेदनाएं प्रकट की। मौसम विभाग के अनुसार सिर्फ एक दिन के इंतजार के बाद लोगों को धुआंधार बारिश देखने को मिल सकती है।

### मुजफ्फरनगर समेत 16 जिलों में संभावना

मौसम विभाग ने आज यूपी के तराई वाले इलाकों में बारिश होने के आसार जताए हैं, जिसकी वजह से सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान हैं।

# योगी के तीसरे कार्यकाल को आरएसएस सक्रिय

लखनऊ, वार्ता

■ आरएसएस ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

पश्चिम बंगाल चुनावों में सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अब उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाकर भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रयासों को मजबूती देने पर जोर दिया। संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि समाज में जातिगत भेद मिटाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जातियों का सम्मान हो और किसी स्तर पर भेदभाव न हो। निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन के प्रवास के दौरान भागवत ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल 289 स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन अपनाने और संघ के काम को बढ़ाने के तरीके सिखाए।

'कुटुंब प्रबोधन' के तहत संघ प्रमुख ने बढ़ते एकल परिवारों की प्रवृत्ति को रोकने और पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत बताई।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 262000 प्रति किलो

# सेंसेक्स दूसरे दिन भी टूटा, निजी बैंकों व वित्तीय कंपनियों पर दबाव

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों में बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 76,224.68 अंक और नीचे 75,748.21 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक भी 6.55 अंक यानी 0.03 फीसदी उतरकर 23,907. 15 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुए हैं। वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.08 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत ऊपर रहा। बैंकिंग, वित्त, आईटी, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। विशेषकर निजी बैंकों में बिकवाली हावी रही। धातु, ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। एनएसई में जिन 3,422 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,770 के शेयरों में तेजी और 1,533 में गिरावट रही। अन्य 119 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.63 प्रतिशत गिर गया। इंफोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। पावर ग्रिड का शेयर 2.56 प्रतिशत, इटरनल का 2. 54, एनटीपीसी का 2.23 और टाटा स्टील का 2.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंडिगो का शेयर 1.90 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.22 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 0.96 प्रतिशत चढ़ा।

### चांदी दो दिन में 9000 , सोना 1,800 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,503 रुपए कम होकर 2.62 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 571 रुपए गिरकर 1.57 लाख रुपए हो गया है। चांदी की कीमत 2 दिन में 9 हजार और 1,800 रुपए सस्ता हो चुकी है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ फ में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी की कीमत चढ़ गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 10 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चना दाल नौ रुपये और मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में पांच रुपये की गिरावट रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज बकरीद का अवकाश रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 प्रतिशत टूटकर 74. 23 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 49 रुपये और सरसों तेल 44 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में पांच रुपये और मूंगफली तेल में तीन रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 64 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में टिकाव रहा। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7685. 20 रुपये, मसूर काली 8123.89 रुपये, मूंग दाल 10144.60 रुपये, उड़द दाल 10838.04 रुपये, तुअर दाल 11234.34 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2773.81 रुपये और चावल 3831.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंऋ 3247.63 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4331.28 रुपये और गुड़ 5035.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

# मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की



लखनऊ। विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।

पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में नि:शुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने विजिट माई स्टेट को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए हैं, उसके अनुपालन में वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, बुन्देलखण्ड, चित्रकूट, आगरा, नैमिषारण्य, शाकुम्भरी देवी आदि स्थलों का प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिग की जाए। उन्होंने पर्यटकों और स्थानिय नागरिकों को क्षेत्रीय व्यन्जनों से परिचित कराने के लिए विशेष कुकिंग शो आयोजित करायें जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश के स्थलों और विरासत से परिचित कराने हेतु हेरेटिज वाक का आयोजन करने के निर्देश दिये है। संस्कृति विभाग द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से सास्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नाटक आदि का आयोजन किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश भर में कुल 200 नाटय प्रस्तुति चिन्हित की गई है। जिनका विभिन्न स्थलों और मण्डलों में मंचन किया जाए।

### गायत्री प्रजापति के आवास पर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**अमेठी।** अमेठी में समा. जवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर हमले और हंगामे का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम अमेठी नगर स्थित आवास विकास कॉलोनी में हुई, जहां वर्तमान विधायक महाराजी प्रजापति अपने परिवार के साथ रहती हैं। पूर्व मंत्री के बेटे अनुराग प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि करीब दो से तीन दर्जन लोग मोटरसाइकिलों और एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और वीडियो बना रहे परिजनों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। शिकायत में कई लोगों के नाम भी दर्ज कराए गए हैं। अनुराग प्रजापति का कहना है कि उनके परिवार को जान-माल का खतरा है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज आएंगे देहरादून, तैयारियां पूरीं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आगामी उत्तराखंड दौरे को लेकर संगठन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। यह दौरा कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के संगठन को समर्पित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष देहरादून के गढ़ी कैंट इलाके में एक बूथ कार्यकर्ता के घर भोजन करेंगे। वहीं ईंधन बचत और सादगी का संदेश देने के लिए बड़े रोड शो के बजाय सड़क किनारे स्वागत कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है।



28 मई को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के उत्तराखंड दौरे को लेकर देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में लगातार बैठकें हो रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संगठन पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, मीडिया और सोशल मीडिया टीम के साथ समन्वय बैठक कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा की ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन है। पार्टी बूथ को अपनी सबसे पहली और सबसे मजबूत इकाई मानती है और इसी सोच के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा तय किया गया है। उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष सीधे बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, उनके घर जाएंगे, उनके साथ समय बिताएंगे और संगठन को लेकर फीडबैक भी लेंगे।

### ■ कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि दौरे का मुख्य फोकस संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने की राजनीति नहीं करती, बल्कि संगठन के अंतिम छोर पर खड़े कार्यकर्ता को भी नेतृत्व से जोड़ने का काम करती है। पार्टी 'अंत्योदय' की सोच के साथ आगे बढ़ती है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच बनाना, सबसे अहम माना जाता है।

> भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए बन पाई, क्योंकि यहां कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाता है। चुनाव में जीत और हार अलग विषय हो सकते हैं, लेकिन कार्यकर्ता का मनोबल बनाए रखना और उसकी बात को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाना भाजपा की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। भाजपा संगठन को उम्मीद है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगा। साथ ही आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने में भी यह दौरा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
>
> **-महेंद्र भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तराखंड भाजपा**

### नहीं होंगे बड़े रोड शो, सड़क किनारे होंगे स्वागत कार्यक्रम

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के दौरे को लेकर भाजपा संगठन इस बार सादगी और अनुशासन पर भी विशेष जोर दे रहा है। पार्टी नेताओं के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में पारंपरिक बड़े रोड शो नहीं होंगे। इसके पीछे एक कारण ईंधन बचत और ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित न करना भी बताया जा रहा है। पार्टी अब जगह-जगह सड़क किनारे स्वागत कार्यक्रमों की तैयारी कर रही है। जहां कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करेंगे, लेकिन लंबा वाहन काफिला और रोड शो जैसी गतिविधियों से बचा जाएगा। पार्टी का कहना है कि, इससे आम लोगों को भी परेशानी नहीं होगी और संगठन का संदेश भी सीधे कार्यकर्ताओं तक पहुंचेगा। पार्टी इसे दिखावे की राजनीति से अलग कार्यकर्ता आधारित कार्यक्रम के रूप में पेश करना चाहती है। संगठन का मानना है कि जब शीर्ष नेतृत्व सीधे बूथ स्तर तक पहुंचता है तो उसका असर आने वाले चुनावों में भी दिखाई देता है।

# गर्मी से राहत के आसार, आज से बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** उत्तराखण्ड में भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के विभिन्न जनपदों में आगामी दिनों में वर्षा, गर्जन, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा 27 मई, को जारी पूर्वानुमान के अनुसार 28 मई को जनपद उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा से बढ़कर 60 कि.मी. प्रति घंटा तक की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य के शेष जनपदों में भी कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

29 मई को राज्य के उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय

### ■ कई जनपदों के लिए जारी किया गया औरेंज अलर्ट


बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा से बढ़कर 60 कि.मी. प्रति घंटा तक की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना के साथ आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग एवं चमोली जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त की गई है।

30 मई तथा 31 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा संबंधित जनपदों को सतर्क रहने तथा आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों को अलर्ट मोड में रखने तथा त्वरित कार्रवाई हेतु सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर संरचनाओं से दूर रहें। मौसम संबंधी नवीनतम जानकारी एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# धामी, योगी और हिमंता को अमेरिका में निशाना बनाने की कोशिश अस्वीकार्य: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ हिंदुत्व की सबसे मजबूत आवाजों पर विदेशी मंच से हमला दुर्भाग्यपूर्ण
■ भारत में सनातन की मजबूती से उड़ी विदेशी एजेंडे की नींद

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अमेरिका मे तथाकथित धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की सुनवाई को हिंदुत्व की सबसे मजबूत आवाजों पर विदेशी मंच से हमला करार देते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश में अपनी संस्कृति, धर्म और सभ्यता की बात होने पर कुछ लोगों को इसकी जलन सात समंदर पार तक होने लगी है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भट्ट ने कहा कि अमेरिका की तथाकथित धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की सुनवाई में भारत के तीन ऐसे मुख्यमंत्रियों को घेरने की कोशिश की गई, जो लगातार हिंदू संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्रहित की बात खुलकर करते रहे हैं।

धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की सुनवाई में एक वामपंथी-लिबरल एक्टिविस्ट रकीब अहमद नाइक द्वारा हिंदुत्व विचारधारा, राष्ट्रवादी संगठनों और भारत की लोकतांत्रिक सरकारों के खिलाफ बयानबाजी करते हुए पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ और हिमंता बिस्वा सरमा पर "प्रतिबंध" लगाने की मांग तक कर दी गई। इसके साथ ही आरएसएस, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों को भी निशाना बनाया गया। इससे सवाल उठ रहा है कि आखिर धर्म और संस्कृति की रक्षा की आवाज कुछ लोगों को इतनी क्यों चुभ रही है?

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता, अवैध कब्जों और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर सख्त रुख अपनाया है। वहीं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने माफिया और कट्टरपंथ के खिलाफ कार्रवाई कर कानून का डर पैदा किया। दूसरी ओर असम में हिमंता बिस्वा सरमा लगातार घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन जैसे मुद्दों को उठाते रहे हैं। हिंदुत्व की आवाज को निशाना बनाने की किसी भी कोशिश का कड़ा जवाब दिया जायेगा। अब यही नेता विदेशी मंचों पर निशाने पर हैं। सवाल यह है कि आखिर क्यों? क्या अपने ही देश में अपनी जमीन बचाने की बात करना गुनाह है? क्या अपनी संस्कृति, अपने मंदिरों और अपनी पहचान की रक्षा की आवाज उठाना गलत है? या फिर कुछ लोगों को दिक्कत सिर्फ इस बात से है कि अब हिंदू समाज खुलकर अपनी पहचान और अपने अधिकारों की बात करने लगा है?

## एसआईआर पर सुप्रीम निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत: चौहान

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वोटर लिस्ट की एसआईआर प्रक्रिया को सही ठहराने के फैसले का स्वागत करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत और विपक्ष के दुष्प्रचार पर चोट बताया है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौहान ने इसे चुनाव आयोग की स्वायत्तता, निष्पक्षता और स्वच्छ लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत बताया है। वहीं इस निर्णय को विपक्ष की हार बताते हुए आँख खोलने वाला बताते हुए कहा कि यह संवैधानिक संस्थाओं को लेकर झूठ, भ्रम और संशय की धारणा फैलाने की साजिश रचने वालों के लिए भी संदेश है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को भारतीय चुनाव आयोग की संवैधानिक मर्यादा और निष्पक्षता की बड़ी जीत बताया है।

# सीएम ने गजा क्षेत्र को दी विकास योजनाओं की बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2026 के अवसर पर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने घंटाकर्ण महादेव मंदिर तक रोपवे निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही नगर पंचायत गजा क्षेत्र में विभिन्न आंतरिक मार्गों के निर्माण, गजा मैदान के विस्तारीकरण एवं मंच निर्माण की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने शहीद श्री विक्रम सिंह नेगी राजकीय पॉलिटैक्निक गजा में फार्मेसी विषय की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।





■ धामी ने गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2026 का किया भव्य शुभारम्भ ■ लोक संस्कृति, धार्मिक विरासत एवं क्षेत्रीय विकास के संरक्षण-संवर्धन का दिया संदेश

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटेश्वर झील के विकास तथा डांडाचली में इको पार्क निर्माण की घोषणा की। साथ ही पावकी देवी एवं चमराड़ा देवी (भरपूर) मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने की भी घोषणा की गई। उन्होंने दंदेली, अंदरफीगांव, फलसारी, बिमाण गाँव मोटर मार्ग तथा रणाकोट डांडा जमोला मोटर मार्ग की स्वीकृति देने की घोषणा भी की।

स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने चाका महिला अस्पताल को पीएचसी में परिवर्तित कर उसके उच्चीकरण तथा चाका में सामुदायिक भवन के सुदृढ़ीकरण की घोषणा की। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंगटाली एवं पजै गाँव को इंटर स्तर पर उच्चीकृत करने तथा नरेंद्रनगर महाविद्यालय को पीजी स्तर पर उच्चीकृत किए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री धामी ने गजा तहसील में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम के तहसील स्तरीय कार्यालयों/कार्यक्रमों की स्वीकृति देने की घोषणा भी की। इसके अतिरिक्त हेंवल नदी में झील निर्माण तथा गजा बगीद के 33 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति प्रदान किए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज गजा, टिहरी गढ़वाल पहुंचकर "गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2026" (द्वितीय संस्करण) का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गजा स्थित प्राचीन घंटाकर्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने राज्य आंदोलनकारी शहीद बेलमती चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने अत्यंत शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि गजा महोत्सव निरंतर विराट स्वरूप ग्रहण कर रहा है तथा इसका विस्तार तेजी से हो रहा है। इस वर्ष का आयोजन पहले की अपेक्षा अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित दिखाई दे रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, ब्लॉक प्रमुख चंबा सुमन सजवाण, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्रनगर दीक्षा राणा, नगर पालिका अध्यक्ष चंबा शोभना धनौला, नगर पंचायत अध्यक्ष मुनि की रेती विनीता बिष्ट, जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मीना खाती, हुकुम सिंह भंडारी, जसवंत सिंह, खेम सिंह चौहान, मंच संचालन राजेश रावत ने किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सीएम के नेतृत्व में तेजी से हो रहे विकास कार्य: सुबोध

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने गजा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना तथा विकास कार्यों को जनसहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ाना है।

# पीएम पोषण योजना में स्कूलों का सोशल ऑडिट कराएं : सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ विद्यालयों में बच्चों का एक डिजिटल मैपिंग एवं ट्रैकिंग मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए ■ राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने पीएम पोषण की विस्तार से जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने पीएम पोषण योजना के तहत अधिक से अधिक स्कूलों का सोशल ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल ऑडिट पायी गयी कमियों के विषय में सम्बन्धित जनपदों को सूचित करते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। जाता है।

मुख्य सचिव ने विद्यालयों में बच्चों का एक डिजिटल मैपिंग एवं ट्रैकिंग मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों का हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष जोर देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया आदि से पीड़ित बच्चों का उपचार सहित लगातार फॉलोअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का स्थान विशेष विश्लेषण भी किए जाने के निर्देश दिए ताकि यह भी ज्ञात हो सके कि किस जनपद या ब्लॉक के बच्चों में किस प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, ताकि उन क्षेत्रों में ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा सकें।

सचिव रविनाथ रमन ने पीएम पोषण योजना की वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए भारत सरकार को प्रस्तावित की जाने वाली वार्षिक कार्य योजना एवं बजट को समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नई पहल के रूप में बागेश्वर और हरिद्वार जनपदों में कुल 78 भोजन माताओं को मशरूम खेती का प्रशिक्षण भी दिया गया है। मध्याह्न भोजन में पोषक तत्वों को बढ़ाया जा सके। साथ ही, उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के सहयोग से बच्चों को सप्ताह में दो बार फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड स्किम्ड दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। कहा कि यह राज्य सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना है।

इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन, चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव नमामि बंसल, रोहित मीणा एवं निदेशक विद्यालयी शिक्षा मुकुल कुमार सती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को मिली मंजूरी

**देहरादून।** जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट में इस वर्ष से केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हो जाएगी। इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के अपर आयुक्त दीपेश गहलोत द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि का हस्तांतरण केंद्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में किए जाने के साथ ही विद्यालय संचालन के लिए उपयुक्त अस्थाई भवन उपलब्ध होने के उपरांत इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय का संचालन शैक्षिक सत्र 2026-27 से किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के साथ ही केंद्रीय विद्यालय संगठन का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र में शिक्षा का अनुकूल वातावरण सृजित होगा तथा क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।





# यात्रा मार्गों पर अश्ववंशीय पशुओं के संचालन को नई एसओपी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ केदारनाथ, यमुनोत्री, हेमकुंट साहिब व आदि कैलाश यात्रा मार्ग शामिल

**देहरादून।** राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने तथा यात्रा मार्गों पर अश्ववंशीय पशुओं के कल्याण एवं संरक्षण के उद्देश्य से श्री केदारनाथ, श्री यमुनोत्री, श्री हेमकुण्ड साहिब एवं आदि कैलाश यात्रा मार्गों पर अश्ववंशीय पशुओं (घोड़ा-खच्चर आदि) के संचालन हेतु नवीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस संबंध में अपर सचिव सन्तोष बडोनी ने निदेशक पशुपालन को संबोधित शासनादेश में स्पष्ट किया है कि नई एसओपी के अंतर्गत मा० उच्च न्यायालय नैनीताल एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुरूप यात्रा मार्गों की वहन क्षमता निर्धारित की गई है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अधिकतम 5000 अश्ववंशीय पशुओं, हेमकुण्ड साहिब यात्रा मार्ग पर लगभग 1050 तथा यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर लगभग 595 पशुओं के संचालन की अनुमति होगी। इसके तहत यात्रा मार्गों पर संचालित होने वाले सभी अश्ववंशीय पशुओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण से पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण, ग्लैंडर्स जांच, इयर टैगिंग एवं माइक्रोचिपिंग अनिवार्य होगी। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र की वैधता 45 दिन होगी, जिसके पश्चात पुनः परीक्षण आवश्यक होगा। अपंजीकृत पशुओं के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पशुओं का वार्षिक पंजीकरण जिला पंचायत तथा जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पशु कल्याण को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक एक किलोमीटर पर पशु स्वामी द्वारा स्वच्छ एवं गुनगुने पेयजल की व्यवस्था, चारा एवं इलेक्ट्रोलाइट उपलब्ध कराने, की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रदेश में सिल्क पार्क की स्थापना के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज से प्रदेश में सिल्क पार्क की स्थापना के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का आग्रह किया। जिसपर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए मामले में शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



# पोखड़ा में निखर रही विकास की नई तस्वीर: महाराज

## पंपिंग पेयजल योजना से 40 गांवों को मिलेगी पेयजल सुविधा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि विकासखंड पोखड़ा में चहुंमुखी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सिंचाई, पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं।

बुधवार को चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पोखड़ा विकासखंड मुख्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर बहुउद्देशीय शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर का शुभारंभ करते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में 20 दिव्यांगजनों को विकलांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जबकि करीब 150 मरीजों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।




सतपाल महाराज ने बताया कि बरसुंडा देवता ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना के लिए 29 करोड़ 83 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना से क्षेत्र के 40 छोटे-बड़े गांव और तोक लाभान्वित होंगे। इसके अलावा जन जीवन मिशन के तहत 44 गांवों के लिए 29 करोड़ 60 लाख 80 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पेयजल निगम द्वारा 7 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से 31 गांवों और तोकों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि पोखड़ा विकासखंड में 23 ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। महाराज ने कहा कि चौबट्टाखाल में 3 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से 24 शैय्याओं वाला पर्यटक आवास गृह जल्द तैयार होगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूनम सती, महिमा उनियाल, सौरव मैठाणी समेत कई कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। चक्रव्यूह महाभारत (अभिमन्यु लीला), ब्रह्म कमल सांस्कृतिक दल और देव क्रिएशन ग्रुप की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अमृता रावत, ब्लॉक प्रमुख संजय गोसाईं, भाजपा युवा नेता सुयश रावत समेत कई जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गंगोत्री धाम में पुलिस ने लौटाया श्रद्धालु का खोया मंगलसूत्र

**ईमानदारी की मिसाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के दौरान गंगोत्री धाम में उत्तराखण्ड पुलिस की ईमानदारी और संवेदनशीलता का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। मंदिर परिसर में ड्यूटी पर तैनात अपर उपनिरीक्षक देवदास ने एक महिला श्रद्धालु का खोया हुआ पर्स सकुशल लौटाकर मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की।

बुधवार को गंगोत्री मंदिर प्रांगण में ड्यूटी के दौरान अपर उपनिरीक्षक देवदास को एक लावारिस पर्स मिला। पर्स की जांच करने पर उसमें सोने का मंगलसूत्र समेत 1100 रुपये नकद मिले। पुलिस जवान ने तत्काल ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स को सुरक्षित पुलिस चौकी में जमा कराया और उसके वास्तविक स्वामी की तलाश शुरू कर दी।




काफी प्रयासों के बाद पर्स महाराष्ट्र निवासी महिला श्रद्धालु कल्पना को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ मंगलसूत्र और नकदी वापस पाकर महिला श्रद्धालु एवं उनके परिजनों के चेहरे खिल उठे। श्रद्धालु ने बताया कि वह अपने परिवार और परिचितों के साथ चारधाम यात्रा पर गंगोत्री धाम दर्शन के लिए आई थीं। दर्शन के दौरान मंगलसूत्र खो जाने से पूरा परिवार बेहद चिंतित और परेशान था।

महिला श्रद्धालु और उनके परिजनों ने पुलिस जवान की ईमानदारी, तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उत्तराखण्ड पुलिस का आभार व्यक्त किया।

उत्तरकाशी पुलिस ने कहा कि "सुविधा, सुरक्षा और सम्मान" के संकल्प के साथ चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

# भाजपा अनुसूचित जाति सम्मेलन में 200 ने ली सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ मंत्री खजान दास की मौजूदगी में ली सदस्यता

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के मलेथा में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन में 200 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सम्मेलन के दौरान सेवानिवृत्त कमांडेंट प्रेम लाल शाह, प्रसिद्ध ढोल वादक डॉ. सोहन लाल, पूर्व प्रमुख सूरज पाठक सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री खजानदास ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। कहा कि सरकार की नीतियों का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर विभिन्न वर्गों के लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं। कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक पहुंचना होगा।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह कोहली, अंचला खंडेलवाल, विनोद बिष्ट, राकेश मोहन मेठाणी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंसरियाखाल में पेयजल संकट पर निकला मशाल जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के हिंसरियाखाल पट्टी युवा संघ के नेतृत्व में क्षेत्र में पिछले तीन माह से व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में मंगलवार देर रात्रि ऐतिहासिक मशाल जुलूस निकाला गया।

सामाजिक कार्यकर्ता नरेश उमरियाल के नेतृत्व में निकाले गए इस जनआंदोलन में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। जगदीश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ मशाल जुलूस हिंसरियाखाल बाजार से होते हुए उमरी गांव तक पहुंचा। इस दौरान आंदोलनकारियों ने जलती मशालों के साथ जल संस्थान देवप्रयाग और जल निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पेयजल संकट के लिए



■ 30 दिन में कार्रवाई न होने पर चक्का जाम की चेतावनी

विभागीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से पेयजल संकट झेल रही है। कहा कि लक्ष्मोली-हड़ीमधार पंपिंग पेयजल योजना की जांच कराने की मांग उठाई। कहा कि हर घर नल योजना की वास्तविक स्थिति की जांच हो ताकि क्षेत्र की करीब तीन हजार आबादी को नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होने त्यूंटा से भगदौरीखाल पेयजल योजना के पुनर्गठन की मांग भी उठाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाएं कि जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में दिए गए प्रस्ताव पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आंदोलन के बाद उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर के माध्यम से जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में 30 दिनों के भीतर सर्वेक्षण कर डीपीआर तैयार करने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा और एनएच-58 लक्ष्मोली-हिंसरियाखाल मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा। मौके पर इस अवसर पर रामलाल नौटियाल, प्रदेश सचिव मंगत मठियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य अरविंद सजवान, पूर्व प्रमुख विजयंत सिंह निजवाला, यूकेडी ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर पवार, वरिष्ठ नेता अरुण नेगी सहित आदि मौजूद थे।

**एक नजर .......**

## नन्दगांव में श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य आयोजन आज से

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** यमुना घाटी के ग्राम नन्दगांव में 28 मई से आगामी 3 जून तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन परम पूज्य सद्गुरु ब्रह्मऋषि राष्ट्रीय संत डॉ. दुर्गेशाचार्य महाराज के श्रीमुख से किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु धर्म, भक्ति एवं ज्ञान की अमृत वर्षा का लाभ प्राप्त करेंगे।



कथा का सीधा प्रसारण यूट्यूब चौनल "हर हर गंगे डॉ. दुर्गेश आचार्य" पर प्रतिदिन किया जाएगा। श्रद्धालुओं से चौनल को सब्सक्राइब कर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा श्रवण करने की अपील की गई है।

मीडिया प्रभारी कृष्ण बालक मिश्रा ने बता कि कथा का आयोजक गुलेरिया परिवार ग्राम-नन्दगाँव (बड़कोट), उत्तरकाशी ने समस्त क्षेत्रवासियों से कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने एवं धर्ममय वातावरण का हिस्सा बनने का आह्वान किया है।

## चेक बाउंस का आरोपी संदेह का लाभ लेते हुए हुआ दोषमुक्त

**कोटद्वार।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार मनोज कुमार द्विवेदी की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में आरोपी व्यक्ति को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है।

अधिवक्ता पूजा शर्मा एवं शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जयश्री स्टील के प्रोपराइटर लोक मणिपुर निवासी सतीश कुमार ने संदीप डोबरियाल निवासी दुर्गा कालोनी शिवपुर के खिलाफ धारा-138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत एक परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी हार्डवेयर की दुकान है। आरोपी उनकी दुकान से हार्डवेयर का सामन ले जाता था। आरोपी उनसे 2,10,000 रुपये का हार्डवेयर का सामान ले गया और इसके बदले 8 दिसंबर, 2022 को उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा लालपुर स्थित अपने खाते का चेक इस आश्वासन के साथ दिया कि उक्त चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर भुगतान प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने इस चेक को भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोटद्वार स्थित अपने खाते में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया ।आरोपी के खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। नोटिस प्राप्ति के बाद भी आरोपी ने भुगतान नहीं किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्विवेदी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी संदीप डोबरियाल को संदेह का लाभ प्रदान कर दोषमुक्त कर दिया है।

## इनरव्हील क्लब कोटद्वार ने जीएमओयू कंपनी में लगवाई दो बेंच

**कोटद्वार।** इनरव्हील क्लब कोटद्वार पिंक द्वारा यात्रियों के लिए जीएमओयू लिमिटेड कंपनी के कार्यालय में दो बेंच लगवाई गई।

बुधवार को जीएमओयू कोटद्वार के परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ इनरव्हील क्लब पिंक की अध्यक्षा शिल्पी अग्रवाल ने किया । इस अवसर पर उन्होने कहा कि बस स्टेशन में यात्रियो के लिये बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए इसको ध्यान मे रखते हुए इनरव्हील क्लब ने वहां दो बेंच की व्यवस्था की जिससे यात्रियो को आराम मिल सके ।विशिष्ट अतिथि जीएमओयू के अध्यक्ष गजे सिंह रौथाण ने कहा कि बेंच लगने से बस की इन्तजार में रूके यात्रियो को बहुत सुकून मिलेगा। इसके लिए उन्होने इनरव्हील क्लब पिंक का आभार व्यक्त किया । इस अवसर महावीर सिंह रावत, कुवंर सिंह रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सचिव कनिका अग्रवाल ने किया । इस अवसर पर अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, सचिव कनिका अग्रवाल, पूजा लड्डा, ज्योत्सना कुकरेती, हेमा अग्रवाल, बीना मित्तल,आरती खरक्वाल, विम्मी बत्रा, अवंतिका अग्रवाल, महावीर सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत, मनोज नैनवाल इत्यादि कम्पनी के निदेशक व क्लब सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू को अर्पित की श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के श्रीकोट ब्लॉक कार्यालय में बुधवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत का शिल्पी बताते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू ने देश के विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर प्रो. सम्पूर्ण सिंह रावत, बीएस दानू, वाईएस पंवार, रविंद्र सिंह रावत, मोनालिसा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय फौजी भाई, रघुवीर प्रसाद, रामचंद्र चौहान, शीशपाल पटवाल, विमल प्रकाश पांडेय, विजय लाल, धीरेन्द्र सिंह नेगी, हरि सिंह मल्ल, एसएस नेगी, देवेश्वरी रावत, कुलदीप नेगी, प्रकाश रतूड़ी सहित आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ यात्रा में शराब तस्करी का बड़ा भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को नशामुक्त और सुरक्षित बनाए रखने के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। इसी कड़ी में चौकी फाटा पुलिस और एसओजी रुद्रप्रयाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खच्चरों के चारे की आड़ में ले जाई जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी सीज कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के निर्देश पर यात्रा मार्गों में अवैध शराब की तस्करी, बिक्री और भंडारण के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



■ खच्चरों के चारे में छुपाकर ले जाई जा रही 3.5 लाख की अवैध शराब बरामद

इसी दौरान पुलिस टीम ने पिकअप वाहन संख्या यूके 12 सीए 0723 को जांच के लिए रोका। वाहन में ऊपर से खच्चरों का चारा लदा दिखाई दे रहा था, लेकिन जब पुलिस ने गहन तलाशी ली तो चारे के नीचे छुपाकर रखी गई 494 बोतल मैकडॉवल्स अवैध शराब बरामद हुई।बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब छ3.5 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शराब की खेप को कब्जे में लेकर वाहन सीज कर दिया तथा आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलजार अहमद पुत्र मोहम्मद मो. हसीन निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश (हाल निवासी भक्तियाना, श्रीनगर) के रूप में हुई है।

इस कार्रवाई को सफल बनाने वाली टीम में चौकी प्रभारी फाटा उपनिरीक्षक दिनेश सती, आरक्षी अंकित, आरक्षी जगदीश, एसओजी के आरक्षी रविन्द्र सिंह रावत एवं आरक्षी देवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने स्पष्ट कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा की पवित्रता भंग करने वाले और अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यात्रा मार्ग पर पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गढ़वाल विवि के कर्मियों के डीए में हुई बढ़ोतरी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को एक बड़ी राहत देते हुए 1 जनवरी 2026 से 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) दिए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कार्यालय आदेश जारी किया गया। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. वईपी रैवानी ने बताया कि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुपालन में विवि के नियमित कर्मचारियों को संशोधित दरों पर महंगाई भत्ता प्रदान किया जाएगा। कहा गया है कि केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर विश्वविद्यालय के कार्मिकों को भी बढ़ी हुई दरों का लाभ मिलेगा। कहा कि 7वें वेतन आयोग के अंतर्गत कर्मचारियों को 1 जनवरी 2026 से देय महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दरों का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने ली जल संस्थान अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ समस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों के क्रम में सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में कोटद्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेयजल समस्याओं के समाधान को लेकर सहायक अभियंताओं के साथ बैठक आयोजित की गयी।

उपजिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों से जलापूर्ति की स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त की गयी, जिसमें कई स्थानों में पेयजल संबंधी समस्याएं सामने आईं। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गाड़ीघाट स्थित गिंवई स्रोत पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बाधित पाई गई। वहीं पनियाली, सिताबपुर, लालपुर तथा पदमपुर सुखरो में पानी का दबाव कम होने और केवल सुबह के समय सीमित जलापूर्ति होने की जानकारी मिली। इसके अतिरिक्त उमरावपुर एवं जशोधरपुर किशनपुर सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में भी कई परिवार पेयजल संकट से प्रभावित पाए गए।

बैठक में सहायक अभियंताओं ने अवगत कराया कि गिंवई स्रोत में मोटर खराब होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे मरम्मत कर पुन: सुचारू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ वार्डों में जलस्तर कम होने के कारण भूतल तक पानी पहुंच रहा है, लेकिन दबाव कम होने से प्रथम मंजिल तक जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। साथ ही उमरावपुर तथा जशोधरपुर में ट्यूबवेल निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित की जा रही है, जबकि दूरस्थ घरों तक पानी न पहुंच पाने की स्थिति में पेयजल टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

उपजिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में सहायक अभियंता बृजमोहन रावत, देवकी नंदन, किरण कुमार, त्रिभुवन गोसाईं एवं शूरवीर सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री खजान दास ने भर्ती परिजन का जाना हालचाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता खजान दास ने बुधवार को श्रीनगर स्थित बेस अस्पताल पहुंचकर भर्ती अपने परिजन का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और सफाई व्यवस्था बेहतर मिलने पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन, चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की सराहना की। जानकारी के अनुसार, बगवान क्षेत्र निवासी कैबिनेट मंत्री खजान दास की पत्नी की बड़ी बहन विगत दो दिनों से बेस अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उनका इलाज मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों की निगरानी में किया जा रहा है। मंत्री खजान दास ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से मरीज के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली और उपचार प्रक्रिया को लेकर संतोष व्यक्त किया। कहा कि बेस अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे अब लोगों को छोटे-बड़े उपचार के लिए महानगरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

# गढ़वाल विवि में 35 कर्मचारियों को मिली स्थायी नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रथम चरण में ग्रुप-सी एवं वाहन चालक श्रेणी के 35 कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र मिलते ही कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी और उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहा कि यह केवल कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, धैर्य और न्याय की जीत है। कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर इस प्रक्रिया को मुकाम तक पहुंचाया। कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत तथा गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी की अहम भूमिका रही। उनके प्रयासों और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से समन्वय के चलते कर्मचारियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ हो सका। उन्होंने नव नियुक्त कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि वे विश्वविद्यालय द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। साथ ही कुलपति ने विश्वविद्यालय में कुलसचिव, वित्त अधिकारी सहित अन्य रिक्त पदों पर भी जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। उन्होंने कर्मचारियों के लिए कर्मयोगी प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के 147 दैनिक एवं नियत वेतनभोगी कर्मचारी पिछले दो दशकों से अस्थायी रूप से अपनी सेवाएं दे रहे थे। वर्ष 2009 में कर्मचारियों ने रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की मांग को लेकर नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद 13 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सभी 147 कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति देने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद (ईसी) की 9 मई को आयोजित बैठक में 147 कर्मचारियों के नियमितीकरण पर अंतिम मुहर लगाई गई थी। बुधवार को प्रथम चरण में 35 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी, वित्त अधिकारी डॉ. अजय कुमार मोहंती, डीन प्रो. एमएस पंवार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. गौतम वीर, प्रो. एमएम सेमवाल, प्रो. एए बौडाई, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. ओपी गुसांई, प्रो. एचबीएस चौहान, डॉ. विजयपाल भंडारी आदि मौजूद रहे।



■ दो दशक का संघर्ष हुआ सफल, कर्मचारियों में खुशी की लहर ■ कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह का जताया आभार

## मंच से संबोधन के दौरान मंत्री का आया फोन

**श्रीनगर।** नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान एक रोचक क्षण भी देखने को मिला। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह जब अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के योगदान का उल्लेख कर रहे थे, तभी मंत्री का फोन आ गया। कुलपति ने उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने फोन पर ही सभी नियमित हुए कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर 27,600 का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ डीएम के निर्देश पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन में जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने तथा अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पूर्ति विभाग द्वारा व्यापक औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों एवं विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 57 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कोटद्वार क्षेत्र में 27 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान 04 घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर 9,200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार दुगड्डा क्षेत्र में 10 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जहां 02 घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर 4,600 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। वहीं पौड़ी क्षेत्र में 20 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान 06 घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग पाए जाने पर 13,800 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने किया श्रीदेव सुमन विवि का औचक निरीक्षण

## शैक्षणिक गतिविधियों, निर्माण कार्यों एवं तकनीकी शिक्षा की प्रगति का लिया जायजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**टिहरी/ देहरादून।** सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने टिहरी जनपद के दो दिवसीय भ्रमण के दौरान श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय मुख्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत विकास कार्यों एवं तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डॉ रावत ने विश्वविद्यालय परिसर में ब्रीडकुल द्वारा संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माण की गुणवत्ता, कार्य प्रगति एवं तकनीकी मानकों की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये।



डॉ. रावत ने कहा कि विश्व. विद्यालय में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

डॉ रावत ने विश्वविद्यालय में संचालित बीसीए कक्षाओं का निरीक्षण कर विश्वविद्यालय की पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। इसके लिये अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नवाचार एवं डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिये।

उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. जोशी द्वारा विश्वविद्यालय के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान, तकनीकी नवाचार एवं प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

डॉ. रावत ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आधुनिक पाठ्यक्रमों, डिजिटल शिक्षा एवं तकनीकी संसाधनों के विस्तार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप बताते हुए सराहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान कुलपति प्रो. एन. के. जोशी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) विषय पर लिखित अपनी पुस्तक उच्च शिक्षा मंत्री को भेंट की। पुस्तक का अवलोकन करते हुए डॉ. रावत ने इसे वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक प्रयास विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होंगे।

इससे पहले डॉ. रावत ने प्रता. पनगर विकासखंड के सेम-मुखेम में सहकारी समिति एवं सहकारी बैंक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों तक सहकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने संस्कृत ग्राम मुखेम में संस्कृत छात्रों एवं ग्रामवासियों से संवाद करते हुए देववाणी संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्द्धन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कृत ग्राम स्थापित किया है, जिनमें मुखेम भी शामिल है।

# जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान से की मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/ देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा राज्य के लिए घेरबाड़ के लिए घोषित 90 करोड़ रुपये की धनराशि के क्रम में प्रथम किश्त के रूप में 25 करोड़ रुपये शीघ्र राज्य को उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया।



इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने राज्य में आगामी खरीफ सत्र के दृष्टिगत जून माह में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आमंत्रित किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि जून माह में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी में प्रदेशभर के कृषकों के साथ कृषि वैज्ञानिकों, स्टार्ट-अप्स, उद्यमियों एवं विभागीय स्टॉलों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों एवं नई योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन "प्रयोगशाला से खेत तक" की अवधारणा को मजबूत करने के साथ-साथ किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

# वीआईपी बिल भुगतान प्रकरण पर बीकेटीसी में मचा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- सोशल मीडिया में उठे सवालों के बाद जांच समिति गठित, तीन सप्ताह में मांगी रिपोर्ट
- दान के पैसों का दुरुपयोग नहीं होने देंगे: द्विवेदी

**रूद्रप्रयाग।** श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति में कथित वीआईपी आवास एवं भोजन बिल भुगतान प्रकरण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया में वायरल हो रही खबरों और लगातार उठ रहे सवालों के बाद बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने मामले का संज्ञान लेते हुए विभागीय जांच समिति गठित कर दी है।

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान के पैसों का किसी भी स्तर पर दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।मामले की गंभीरता को देखते हुए बीकेटीसी द्वारा चार सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति में वित्त नियंत्रक हेम कांडपाल, अधिशासी अभियंता विपिन तिवारी, विधि अधिकारी एस. एस. बर्त्वाल तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजन नैथानी को शामिल किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह पूरे प्रकरण की जांच कर तीन सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।बीकेटीसी अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर समिति पारदर्शिता एवं जवाबदेही के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करती है तथा जांच रिपोर्ट के बाद तथ्यों को सार्वजनिक किया जाएगा और जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस संबंध में मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

हालांकि जांच समिति के गठन के बाद अब कई सवाल भी खड़े होने लगे हैं। सोशल मीडिया में लोग पूछ रहे हैं कि आखिर एक मामूली बिल की जांच के लिए 20 दिन से अधिक का समय क्यों निर्धारित किया गया है? यदि तथ्य स्पष्ट हैं तो तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं? जनता के बीच चर्चा भी तेज हो गई कि यदि मामला सोशल मीडिया में वायरल नहीं होता तो क्या जांच होती? वहीं कुछ लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या जनप्रतिनिधियों और सामने आए बयानों पर भरोसा नहीं किया जा रहा? अब पूरे मामले पर श्रद्धालुओं, और सोशल मीडिया यूजर्स की नजरें टिकी हुई हैं। सबको इंतजार है कि जांच समिति की रिपोर्ट में आखिर क्या खुलासा होता है और क्या वास्तव में दान के पैसों के उपयोग को लेकर जवाबदेही तय हो पाएगी या मामला केवल जांच-जांच तक सीमित रह जाएगा।

## प्राधिकरण ने नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा

# एमडीडीए ने किया सुभाष नगर में अवैध निर्माण सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण और नियमों के विप. रीत किए जा रहे विकास कार्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सुभाष नगर क्षेत्र में एक निर्माण कार्य को सील कर दिया। प्राधिकरण की यह कार्रवाई अवैध निर्माण, अनधिकृत कॉलोनियों और बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण कार्यों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।



प्राधिकरण के अनुसार सविता गहलोत, पंत मार्ग, सुभाष नगर, देहरादून द्वारा स्वीकृत मानचित्र संख्या आर-3735/24-25 से भिन्न तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा था। जांच में पाया गया कि दो अलग-अलग नक्शों को जोड़कर नियमों के विरुद्ध निर्माण कराया जा रहा है, जो प्राधिकरण के मानकों और भवन उपविधियों का स्पष्ट उल्लंघन है।

- जांच में पाया गया कि दो अलग-अलग नक्शों को जोड़कर नियमों के विरुद्ध निर्माण कराया जा रहा है

मामले को गंभीरता से लेते हुए एमडीडीए ने तत्काल प्रभाव से उक्त निर्माण को सील करने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव प्रत्यूष सिंह के आदेश पर सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता नेहा तथा सुपरवाइजर की मौजूदगी में संपन्न कराई गई। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच भी की।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति या स्वीकृत मानचित्र से अलग निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

एमडीडीए ने आमजन को आगाह करते हुए कहा कि बिना ले-आउट स्वीकृति और आवश्यक अनुमतियों के विकसित की जा रही कॉलोनियों अथवा संपत्तियों में निवेश करना भविष्य में कानूनी और आर्थिक समस्याओं का कारण बन सकता है। ऐसे मामलों में लोगों की जीवनभर की जमा पूंजी जोखिम में पड़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण लगातार अवैध गति. विधियों के खिलाफ अभियान चला रहा है और लोगों को जागरूक भी कर रहा है।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी: तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग, अनधिकृत कॉलोनियों और नियम विरुद्ध निर्माण कार्यों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियोजित और सुव्यवस्थित शहरी विकास सुनिश्चित करना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। आमजन को किसी भी प्रकार की संपत्ति खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भूमि या भूखंड में निवेश करने से पहले एमडीडीए से वैधता की जानकारी लें: बर्निया

वहीं एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भूमि या भूखंड में निवेश करने से पहले एमडीडीए से उसकी वैधता की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ भविष्य में भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर .......

### 28 व 29 मई को बागेश्वर में होगी उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की पीठ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की पीठ द्वारा 28 एवं 29 मई, 2026 को जनपद बागेश्वर स्थित ''विकास भवन सभागार'' में दो दिवसीय बैठक के साथ जनसुनवाई भी आयोजित की जाएगी। उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के अनु सचिव राजेंद्र झिंक्वाण ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा बैठक के दौरान विभिन्न वादो की सुनवाई की जाएगी तथा मानवाधिकार से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोग द्वारा संबंधित पक्षकारों एवं अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वादो का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी बागेश्वर एवं पुलिस अधीक्षक बागेश्वर से इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा की है।

### रुद्रप्रयाग में नव नियुक्त 95 पीएलवी एवं अधिकार मित्रों को मिला विधिक प्रशिक्षण

**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं नीना अग्रवाल की अध्यक्षता में नव नियुक्त 95 पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) एवं अधिकार मित्रों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विधिक एवं जनकल्याणकारी विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीना अग्रवाल ने कहा कि पीएलवी एवं अधिकार मित्र समाज में विधिक जागरूकता फैलाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति अभियान, उपभोक्ता अधिकारों तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में रिटेनर अधिवक्ता यशोदा खत्री द्वारा संविधान, महत्वपूर्ण कानूनों, पीएलवी की भूमिका एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में टी.आर. मलेठा ने समाज कल्याण विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं, पेंशन योजनाओं एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की।

# यूपीईएस की पहल बनी गरीब छात्रों के सपनों की उड़ान

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस ने वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट प्रोत्साहन' के जरिए समावेशी शिक्षा को नया आयाम दिया है। इस पहल के तहत प्रथम पीढ़ी के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, टेक्नोलॉजी और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

देहरादून स्थित यूपीईएस ने पुरकल यूथ डेवलपमेंट सोसाइटी (पीवाईडीएस) के साथ मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य उन युवाओं को आगे बढ़ाना है, जो अपने परिवार में पहली बार उच्च शिक्षा तक पहुंच बना रहे हैं।

**24 छात्रों को मिल चुका है लाभ:** वर्ष 2018-19 में शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक वंचित समुदायों के 24 छात्रों को यूपीईएस के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा चुका है। इनमें इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, कॉमर्स, लॉ, डिजाइन, जर्नलिज्म और मीडिया स्टडीज जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इन छात्रों को इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी, इंडिगो एयरलाइंस, सिलिकॉन लैब्स और कोलंबिया शिपिंग मैनेजमेंट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में अवसर भी मिले हैं।



### पीवाईडीएस से जुड़े दो नए छात्रों को मिली 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पीवाईडीएस से जुड़े दो नए छात्रों को यूपीईएस में पूर्ण छात्रवृत्ति पर प्रवेश दिया गया है। इनमें हरिद्वार के पठरी गांव के रहने वाले लकी सिंह और गलजवाड़ी के अंशित ममगाईं शामिल हैं। लकी सिंह बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र हैं। सीमित संसाधनों वाले परिवार से आने वाले लकी ने 12वीं में 89 प्रतिशत अंक हासिल किए और हाल ही में उनका चयन इन्फोसिस में हुआ है। उनके पिता खेती और राशन की दुकान संभालते हैं, जबकि मां सिलाई का काम करती हैं। वहीं अंशित ममगाईं ने 12वीं में 80.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उनके पिता स्थानीय स्कूल में साइंस लैब असिस्टेंट हैं। अंशित का चयन एचसीएल टेक्नोलॉजीज में ट्रेनी इंजीनियर के रूप में हुआ है।

- फुल स्कॉलरशिप से मिलेगी वंचित छात्रों को नई पहचान

**शिक्षा बदल सकती है पूरा समाज: डॉ. सुनील राय:** यूपीईएस के वाइस चांसलर डॉ. सुनील राय ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य बदल सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट प्रोत्साहन के जरिए विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी आर्थिक स्थिति के कारण अवसरों से वंचित न होना पड़े।

# उत्तराखंड में विस चुनाव लड़ेगा राष्ट्रीय लोकदल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

- 2027 के लिए तैयार किया खास प्लान, पूर्व मंत्री नीरपाल सिंह ने महिलाओं को दिलाई सदस्यता

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 की सियासी बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मजबूत दखल रखने वाला राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अब देवभूमि उत्तराखंड में अपने पैर पसारने की तैयारी में पूरी ताकत से जुट गया है। पार्टी ने राज्य में खुद को तीसरी राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित करने के लिए सांगठनिक फेरबदल और सदस्यता अभियान तेज कर दिया है।

बुधवार को दून के उज्जवल रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व राज्यमंत्री चौधरी नीरपाल सिंह ने साफ किया कि पार्टी का मुख्य फोकस अब उत्तराखंड के जमीनी कैडर को मजबूत करने पर है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत होता है। हालांकि पार्टी एनडीए में शामिल है, मगर उत्तराखण्ड में अकेले चुनाव की तैयारी कर रही है।

एडवोकेट तनिशा, मीनाक्षी कश्यप और पूनम अग्रवाल ने राष्ट्रीय लोकदल की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत कमेटियों का गठन किया जाएगा। अगले माह देहरादून में एक प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन तय किया गया है। प्रेस वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, योगेश प्रताप सिंह, भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राजदीप, राज कुमार छाबड़ा, वरुण छाबड़ा व सूर्य प्रकाश भट्ट में शामिल रहे।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-451 | **निविदा सूचना** | दिनांक- 27/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) व्यासी परियोजना, हथियारी, में इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-

**निविदा सं0 05 – 06/EE(M)/VP/2026-27**

**कार्य का नाम : 1.** व्यासी परियोजना, हथियारी के 3 नग टीआरसी आउटफाल एवं 4 नग ड्राफ्ट ट्यूब गेटों के लिए डॉगिंग व्यवस्था का प्रावधान करना।

**2.** व्यासी परियोजना, हथियारी के कन्ट्रोल रुम से पार्किंग तक शेड लगाना

**अनुमानित लागत** -1. रू0 16,53,250.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) एवं 2. रू0 18,01,975.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 28.05.2026: 16:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**- 19.06.2026 : 13:30 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-454 | **निविदा सूचना** | दिनांक- 27/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सि0-अनु0) म0भा0-।। जोशियाड़ा उत्तरकाशी द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है-

**निविदा संख्या:** 05/अधि0 अभि0 (सि0-अनु0)/म0भा0-।।/जोशियाड़ा/ 2026-27

**कार्य का नाम** :जोशियाड़ा कॉलोनी उत्तरकाशी के T-III, T-II, एवं T-IV ब्लॉक में स्थित पानी के टेंक को स्ट्रक्चरण स्टील फेंसिंग द्वारा कवर/सुरक्षित करने का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रू0 14,10,695.00 (जी0एस0टी0 रहित)।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 29.05.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से।

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 18.06.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक।

अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **"ujvnl.uk.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (सि0-अनु0) म0भा0-।। जोशियाड़ा**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# जोशी ने दृष्टि दिव्यांग छात्रों को वितरित किए लैपटॉप

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईवीएच) परिसर में आयोजित दृष्टि दिव्यांग छात्रों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ओ.एन.जी.सी. की सीएसआर मद से संस्थान के आदर्श विद्यालय के 24 दृष्टि दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग के लिए लैपटॉप वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आधुनिक तकनीक दिव्यांगजनों के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास छात्रों को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करते हैं। मंत्री गणेश जोशी ने इस सराहनीय पहल के लिए (ओ.एन.जी.सी.) के अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "विकलांग" के स्थान पर "दिव्यांग" शब्द देकर समाज में सम्मान और संवेदनशीलता का नया संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान के लिए निरंतर नई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य उनके जीवन को अधिक सुलभ, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाना है।

- एनआईवीएच में आयोजित हुआ कार्यक्रम लैपटॉप से उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए मिलेगी मदद

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं का समान रूप से लाभ दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़े। गौरतलब है कि विगत वर्ष भी संस्था द्वारा छात्रों को लैपटॉप प्रदान किए गए थे, जिसमें विद्यालय के दो दृष्टि दिव्यांग छात्रों ने जेईई परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संस्थान में कार्यरत लगभग 300 कर्मचारियों से प्रत्येक शुक्रवार को "नो व्हीकल दिवस" के रूप में मनाते हुए साइकिल अथवा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषण में कमी आएगी तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए भी प्रेरणा मिलेगी

इस अवसर पर ओएनजीसी हैड नीरज शर्मा, प्रधानाचार्य अमित शर्मा, संजय नौटियाल सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष :- 0135-2763808 फैक्स - 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 448 | **निविदा सूचना** | दिनांक: 27/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), मनेरी भाली-II चिन्यालीसौड (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।

**निविदा संख्या-** 22/अ०अ० (अनु०)/म० भा०-II/26-27, 23/अ०अ० (अनु०)/म० भा०-II/26-27, एवं 24/अ०अ० (अनु०)/म० भा०-II/26-27,

**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम :** 1 धरासू विद्युत गृह पर टी०जी०बी० पैड की मरम्मत एवं री-बैबेटिंग के कार्य हेतु।

2. शक्तिपुरम कॉलोनी, चिन्यालीसौड में सीलिंग पंखों की ओवरहॉलिंग और रीवाइंडिंग के कार्य हेतु।

3. धरासू विद्युत गृह, एमबी 2. उत्तरकाशी स्थित केन्द्रीय भण्डार के विभिन्न कार्य हेतु।

**अनुमानित मूल्य :** रू० 14,70,000/- मात्र (कर अतिरिक्त), रू० 02,19,100/- मात्र (कर अतिरिक्त), रू० 24,83,320/- मात्र (कर अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 28.05.2026

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 18.06.2026 प्रात 11:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# गंगा दशहरा के बाद हरिद्वार में तेज हुआ स्वच्छता अभियान

## डीएम मयूर दीक्षित के निर्देशन में नालियों की सफाई और कूड़ा निस्तारण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गंगा दशहरा स्नान पर्व के सफल समापन के बाद जनपद हरिद्वार में व्यापक स्वच्छता अभियान को और अधिक गति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में प्रशासन, नगर निकायों तथा संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा तीर्थनगरी के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नारसन बॉर्डर से लेकर मोतीचूर तक राष्ट्रीय राजमार्ग, नगरीय क्षेत्रों के आंतरिक मार्गों, सार्वजनिक स्थलों तथा शैक्षिक संस्थानों में बड़े स्तर पर नालियों की सफाई और कूड़ा निस्तारण का कार्य किया गया। गंगा दशहरा पर्व के दौरान हरिद्वार में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रही। पर्व समाप्त होने के तुरंत बाद जिला प्रशासन ने सफाई कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा अन्य संबंधित एजेंसियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में नालियों की सफाई, सड़कों से कूड़ा हटाने और जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया।



स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी चन्द्रकांत मणि त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन में जनसहभागिता आधारित स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल सफाई कराना ही नहीं, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है, ताकि हर नागरिक अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग कर सके। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा धार्मिक स्थलों, बाजारों, मुख्य सड़कों और विद्यालय परिसरों में सफाई कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है, जिससे किसी भी स्थान पर गंदगी न फैलने पाए। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नालियों से गाद और कचरा निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कई स्थानों पर लंबे समय से जाम पड़ी नालियों को साफ कर जल निकासी को सुचारु बनाया गया। इससे बरसात के मौसम में जलभराव की संभावनाओं को भी कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा सफाई कर्मियों द्वारा सड़क किनारे फैले प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने आम जनता से भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि केवल सरकारी प्रयासों से स्वच्छता बनाए रखना संभव नहीं है, इसके लिए नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है। लोगों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न फेंकें, प्लास्टिक का कम उपयोग करें तथा स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करें। जनपद में स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष स्वच्छता कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 8273371714 पर नागरिक अपनी शिकायतें, सुझाव और प्रतिक्रिया भेज सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। इससे सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने में मदद मिल रही है।

# कुंभ मेला-2027 तैयारियों में तेजी लंबित कार्यों पर सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कुंभ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को स्वीकृत योजनाओं के कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया में अनावश्यक देरी करने वाले विभागों की योजनाएं निरस्त कर धनराशि अन्य प्राथमिक कार्यों में लगाई जाएगी।

सीसीआर सभागार में आयोजित बैठक में बरसात से पहले अधिकतम कार्य प्रगति सुनिश्चित करने, केएफडब्लू वित्त पोषित सीवरेज योजना 30 जून तक पूर्ण करने तथा प्रभावित सड़कों की मरम्मत जल्द कराने के निर्देश दिए गए। भूपतवाला क्षेत्र की आंतरिक सड़कों के सुधार, विद्युत-पेयजल व्यवस्था, अस्थायी बस अड्डों के विकास और खाद्यान्न आपूर्ति की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।




बैठक में पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला आयुष अग्रवाल, नगर आयुक्त नंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक जीआरपी सुश्री अरुणा भारती, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबर

### नालो में पानी नहीं आने से सिचाई का संकट, किसान परेशान

**बहादराबाद।** नाले में पानी न छोड़े जाने से गन्ने एवं आने वाली धान की फसल प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि जहां गन्ने एवं पोपुलर के पेड़ की फसल लगाई कर दी गई थी वह सिचाई के अभाव में सूख रही है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्र में ट्यूबवेल होने से किसी तरह फसल अभी तक बची है। नाले में पानी न मिलते देख किसान गन्ने से लेकर पेड़ो एवं आगामी धान की रोपाई तक के लिए चितित हैं। बहादराबाद क्षेत्र के बहादराबाद रोहालकी, अहमदपुर समेत अन्य गांव की हजारों एकड़ खेतों में गन्ने से लेकर पेड़ो की फसल के लिए किसान पानी को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि मौसम की बेरुखी के बीच नालो में पानी का अभाव है। ऐसे में आगामी धान की खेती कैसे होगी समझ में नहीं आ रहा। किसानों ने बताया कि पेड़ में पानी देने में अधिक लागत लगती है अगर समय-समय से नाले से सिचाई के लिए पानी मिल जाता तो किसानों को काफी हद तक सुविधा मिल जाती। खेती में लागत भी कम आती। किसान राजेन्द्र सैनी, गौरव शर्मा आदि किसानों का कहना है कि आगामी धान की फसल बुआई के बाद अब जल्द ही पानी की आवयश्कता बढ़ेगी। ऐसे में नाले में पानी की आवश्यकता बढ़ गई है।

### स्कूटी की टक्कर से बच्ची गंभीर रूप से घायल

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची के सिर में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं और उसका उपचार हिमालयन अस्पताल जॉलीग्रांट में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भेल सेक्टर-1 निवासी शिवेंद्र प्रताप ने बताया कि 19 मई की शाम करीब सात बजे उनकी पुत्री अक्षिता सिंह घर के सामने सड़क पार कर रही थी। तभी निखिल कुमार नामक युवक तेज गति से स्कूटी चलाते हुए वहां पहुंचा और बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे हिमालयन अस्पताल जॉलीग्रांट रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची के मस्तिष्क में गंभीर चोट के साथ ब्लड क्लॉट बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### हरकी पैड़ी पर शराब पीकर हुड़दंग, चार गिरफ्तार

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी क्षेत्र में शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे बागपत के चार आरोपितों को तीर्थ पुरोहितों ने पकड़ लिया। शांतिभंग में उनका चालान कर दिया गया। आरोपितों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। हरकी पैड़ी क्षेत्र के बाजार में कुछ युवकों को नशे की हालत में घूमते देख तीर्थ पुरोहित व स्थानीय निवासी इकट्ठा हो गए। उन्होंने आरोपितों को पकड़ लिया। हंगामे की सूचना पर हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी एक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और चारों आरोपितों को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान राजीव, विकास और विपिन निवासीगण नूरपुर खालसा, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत, कपिल शर्मा निवासी ग्राम साकरोद, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत के रूप में हुई। शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

# चारधाम यात्रा के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने को प्रशासन सख्त

## होटल, ढाबों व डेयरियों पर की छापेमारी, पनीर व दूध के नमूने जांच के लिए भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध और गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हरिद्वार प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपदभर में लगातार निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट, ओवर रेटिंग तथा खराब गुणवत्ता की बिक्री पर पूरी तरह अंकुश लगाना है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि जनपद में संचालित होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, डेयरियों और खाद्य दुकानों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त एवं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में गर्मी के मौसम और चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि आम जनता और यात्रियों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने हर की पैड़ी, खड़खड़ी, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित अस्थायी खाद्य प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट, ढाबों और डेयरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मूल्य सूची की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए। छापेमारी अभियान के दौरान प्रयोगशाला जांच के लिए पनीर, दूध और तैयार खाद्य पदार्थों के नमूने भी एकत्र किए गए हैं। इन नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता की पुष्टि की जा सके। यदि जांच में किसी प्रकार की मिलावट या मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। कई स्थानों पर यात्रियों और स्थानीय लोगों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और अधिक मूल्य वसूली को लेकर शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिन पर टीम ने तत्काल कार्रवाई की।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली बहादराबाद क्षेत्र की एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के ही सत्यम पुत्र महादेव शर्मा को पिछले तीन वर्षों से जानती है। पहले दोनों के बीच दोस्ती थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। युवती का आरोप है कि परिवार वालों को दोनों के संबंधों की जानकारी होने पर बातचीत बंद हो गई थी, लेकिन मार्च 2026 से फिर दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई।

पीड़िता के अनुसार, 6 अप्रैल को सत्यम उसे पतंजलि के पास स्थित एक होटल में ले गया, जहां शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में 28 अप्रैल को दोनों परिवारों को रिश्ते की जानकारी हुई तो सत्यम ने शादी करने की बात कही, लेकिन अब वह उससे दूरी बना रहा है और शादी से इनकार कर रहा है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मांसाहार की होम डिलीवरी और नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में म्युनिसिपल बायलॉज नगर पालिका उपविध 1916 एवं मर्यादाओं के विपरीत मांसाहार की होम डिलीवरी तथा नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने की मांग की है। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि चिंता का विषय है विभिन्न ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियां जोमैटो, स्विग्गी, रैपीडो होम डिलीवरी के माध्यम से धर्मनगरी हरिद्वार में मांसाहारी खाद्य पदार्थो की सप्लाई कर रही है। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि म्युनिसिपल बायलॉज का पालन सुनिश्चित करते हुए मांसाहारी पदार्थो की होम डिलीवरी पर पूर्ण रूप से रोक लगायी जाए। नशीले पदार्थो की बिक्री पर भी रोक लगायी जाए। प्रमुख धर्मनगरी हरिद्वार करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। लेकिन जिस प्रकार नशे की हालत में धार्मिक स्थलों, गंगा घाटों पर धार्मिक मर्यादाओं के विपरीत आचरण किया जा रहा है। उससे हरिद्वार की धार्मिक मर्यादा को ठेस पहुंच रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए कठोर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थो की बिक्री पर पूरी तरह लगायी जाए।

# भेल में आर्टिजन प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बीएचईएल के नवनियुक्त आर्टिजन प्रशिक्षुओं के लिए मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा मॉड्यूल-एएमटू (ओरिएंटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एक वर्ष के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 61 आर्टिजन प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि आर्टिजन प्रशिक्षुओं की भर्ती, कंपनी के दीर्घकालिक व्यावसायिक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए की गई है। उन्होंने राष्ट्र के विकास में बीएचईएल के योगदान, कार्य संस्कृति तथा नवनियुक्त प्रशिक्षुओं की भावी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पूनम तिग्गा ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आर्टिजनों की भर्ती होना बीएचईएल की प्रगति एवं विकास को दर्शाता है। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एचआरडीसी) हरीश सिंह बगवार ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों तथा कार्यक्रम की रूपरेखा से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की व्यक्तिगत, पारस्परिक एवं संगठनात्मक प्रभावशीलता को बढ़ाना तथा आधारभूत अवधारणाओं के बारे में समझ विकसित करना है। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (एचआरडीसी) आनन्द प्रकाश सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पुलिस ने गांजे के साथ तस्कर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ऑपरेशन प्रहार के तहत नशा तस्करी पर कार्यवाही करते हुए थाना श्यामपुर पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 7 किलो 110 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। एसएसपी के नशा तस्करी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में चंडीघाट चौकी प्रभारी एसआई संतोष सेमवाल सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल अनिल रावत व राजवीर सिंह के साथ चंडीघाट के पास नहर पटरी पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप को रोक कर तलाशी ली तो चालक सीट के बगल में रखे कट्टे में गांजा बरामद हुआ। गांजा बरामद होने पर पुलिस ने चालक मोहम्मद आकिल उर्फ शान बाबा पुत्र शबीर निवासी मौहल्ला खगगू सराय लदनियो वाली मस्जिद के पास कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल उत्तर प्रदेश को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

# त्रिलोक चन्द्र भट्ट तरूण हिमालय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् त्रिलोक चन्द्र भट्ट को तरूण हिमालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य का दायित्व सौंपा गया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान कर विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर त्रिलोक चन्द्र भट्ट ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बेहतर परीक्षा परिणाम तथा नैतिक मूल्यों के विकास के लिए सभी शिक्षकों को समर्पण भाव से कार्य करना होगा।



विद्यालय के प्रबंधक बलदेव सिंह रावत ने कहा कि त्रिलोक चन्द्र भट्ट का शिक्षा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में लंबा अनुभव विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संस्था अध्यक्ष गंगादत्त शर्मा ने भी विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर प्रबंध मंडल के ललित भट्ट, हर्ष मोहन, पूरन सिंह रावत, डा.अजय नेगी, प्रकाश बहुखंडी. भानु प्रकाश गैरोला, भगवती प्रसाद, ललित सिंह रावत, मनोज सिंह चौहान सहित अनेक पदाधिकारी, विद्यालय परिवार के सदस्य उर्मिला ममगाई, उमा भट्ट, आशीष, अदिति, दीप, दिप्ती, शशि गोदियाल, राजेश्वरी, सजल, मंजु असवाल, अंजु बडोनी, लक्ष्मी पाल, दीपक नेगी, नेहा, कीर्ति, बबीता, शीतल थापा, लक्ष्मी थापा, साक्षी, मीना रावत, संगीता देवी, अनुप्रिया, प्रतीक, आकांक्षा, ज्योति, नीमा, कमल, सतीश जोशी, टेक बहादुर, शिव कुमार, अमितांशु, संयोगिता, शशि वाल्मीकि, चंदन आदि अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। गौरतलब है कि विगत दिनों संस्था की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि लंबे समय से रिक्त चल रहे प्रधानाचार्य पद पर आगामी व्यवस्था होने तक संस्था परिवार के किसी जिम्मेदार, अनुभवी और समर्पित व्यक्ति को यह दायित्व सौंपा जाए। विस्तृत विचार-विमर्श एवं सर्वसम्मति के उपरांत प्रबंध मंडल ने त्रिलोक चन्द्र भट्ट के नाम पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

# भगवान श्रीकृष्ण की वाणी है गीता : विज्ञानानंद सरस्वती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि गीता भगवान श्रीकृष्ण की वाणी है, जो कर्मयोग की दीक्षा देकर मानव जीवन को सार्थक बनाती है। गीता और वेद ही सनातन धर्म के आधार हैं जो संपूर्ण विश्व में भारतीयता को अलग पहचान दिलाते हैं। विष्णु गार्डन स्थित श्रीगीता विज्ञान आश्रम में गंगा दशहरा पर आयोजित कार्यक्रम में भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानव जीवन प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ कृति है। भगवान सर्वव्यापी हैं और मानव तन भगवान का सर्वोत्कृष्ट मंदिर है। भगवान का दर्शन अपने तन और मन को पवित्र बनाने से होता है। गुरुगद्दी एवं तीर्थ स्थल को भगवत ज्ञान प्राप्ति का माध्यम बताते हुए उन्होंने कहा कि मां गंगा सृष्टि की प्रत्यक्ष देवी हैं, जो व्यक्ति के तन ही नहीं मन को भी स्वच्छता प्रदान करती हैं। गंगा दशहरा पर गंगा स्नान का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा मां गंगा का अवतरण दिवस है। यही एकमात्र ऐसा पावन अवसर है जिस दिन गंगा का जल अमृत बन जाता है और जो भक्त इस अमृत जल में स्नान कर लेता है। उसका जीवन राजा भगीरथ के अनुसार ही पुण्य फल का भागी बनता है। साकार की पूजा को त्वरित फलदायी बताते हुए उन्होंने कहा गंगा सृष्टि की प्रत्यक्ष देवी और भगवान सूर्य सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता हैं। जो भक्त की विनती को शीघ्र और सीधे स्वीकार करते हैं।

# रानीपुर पुलिस ने चार वारंटी किए गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस ने अदालत में पेशी से बच रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर पुलिस लगातार न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामील के लिए छापेमारी कर रही है। रानीपुर पुलिस ने 26 मई को विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर सोनू निवासी विष्णुलोक कॉलोनी, आकाश निवासी रावली महदूद, राम प्रवेश निवासी सेक्टर-5 बीएचईएल तथा सोनू उर्फ सुमित निवासी सलेमपुर महदूद को उनके घरों से गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलों में न्यायालय से वारंट जारी थे। पुलिस ने गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियान में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भंडारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नंदकिशोर ग्वाड़ी, उपनिरीक्षक सुधांशु कौशिक शामिल रहे।

## कांग्रेस अनुसूचित विभाग के कार्यकर्ताओं ने दी

# प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथी पर कांग्रेस अनुसूचित विभाग के महानगर अध्यक्ष मनोज जाटव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ऋषिकुल स्थित कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मनोज जाटव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सैनी ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू दूरदर्शी और सर्वधर्म को मानने वाले नेता थे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी और उद्योगों, बांध और बिजली परियोजनाओं की स्थापना की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी और रवीश भटीजा ने कहा कि



पंडित नेहरू ने देश की आजादी के बाद भारत को गरीबी, अशिक्षा और भुखमरी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और तकनीक को प्राथमिकता देते हुए देश में इसरो, भेल जैसे बड़े सार्वजनिक संस्थान स्थापित किये तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। उन्होंने गुट निरपेक्ष आंदोलन चलाकर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाते हुए विश्व को नई दिशा प्रदान की और वैश्विक स्तर पर भारत को नई पहचान दिलाई, जिससे भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा। यूथ कांग्रेस के महानगर महासचिव सार्थक ठाकुर और युवा नेता समर्थ अग्रवाल ने कहा कि पंडित नेहरू विविधता में एकता और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर थे। जिसके चलते देश में विभिन्न धर्म, जाति और संस्कृति के लोग बिना किसी डर के समान अधिकारों के साथ रह सके। उन्होंने भारत में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया। श्रद्धांजलि देने वालों में पप्पू राम, जावेद आलम, जवाहर चावला, दिनेशचंद गुप्ता, दीपक शर्मा, विशाल शर्मा, आकाश कटारिया, गुलशन कुमार, कमल, शिवम वाल्मीकि, राजबीर, नौशाद सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गंग नहर में डूबा किशोर, तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में अमरापुर घाट पर नहा रहा एक किशोर गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। जल पुलिस के गोताखोरों ने काफी तलाश किया, लेकिन किशोर का कुछ पता नहीं चल पाया।

पुलिस के मुताबिक, ललतारौ पुल के समीप रहने वाले विजय कुमार प्रजापति का 15 साल का बेटा विष्णु कुमार मायापुर क्षेत्र में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ता था। विष्णु अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए अमरापुर घाट पर गया था। उसी दौरान वह पानी के तेज बहाव में आकर डूब गया और देखते ही देखते लापता हो गया। सूचना पर मायापुर चौकी से एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर तुरंत जल पुलिस के गोताखोरों को बुलाया। टीम ने घंटों सर्च आप्रेशन चलाया। मगर विष्णु का कुछ पता नहीं चल पाया। स्वजन भी बुधवार को दिन भर घाटों के आस-पास बेटे की तलाश करते रहे। शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि किशोर की तलाश की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# केदारनाथ यात्रा के गौरीकुंड में नदी से अज्ञात शव बरामद

- एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ का संयुक्त हाई-रिस्क रेस्क्यू अभियान,
- घोड़ा पड़ाव के नीचे उफनती नदी में दिखा शव, घंटों की मशक्कत के बाद निकाला बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्थित गौरीकुंड क्षेत्र में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब घोड़ा पड़ाव के नीचे नदी में एक अज्ञात शव दिखाई देने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रशासनिक तंत्र हरकत में आ गया और तत्काल एसडीआरएफ की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह थाना गौरीकुंड के माध्यम से एसडीआरएफ को सूचना प्राप्त हुई कि गौरीकुंड क्षेत्र में तेज बहाव वाली नदी के बीच एक शव फंसा हुआ दिखाई दे रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।

उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने विषम एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच हाई-रिस्क रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तेज बहाव, फिसलन भरे पत्थरों और दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद जवानों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए अथक प्रयास किए।

कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने नदी के बीच फंसे अज्ञात शव को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। इसके बाद शव को आवश्यक कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। थाना गौरीकुंड पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराने के साथ-साथ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

केदारनाथ यात्रा के बीच लगातार सामने आ रही घटनाओं ने एक बार फिर पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षा और सतर्कता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवानों की त्वरित कार्रवाई और साहसिक रेस्क्यू अभियान की स्थानीय लोगों एवं यात्रियों द्वारा सराहना की जा रही है।

# राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में शिक्षा संकाय भवन का उद्घाटन

- मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विधानसभा प्रतापनगर क्षेत्र के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में 358.98 लाख की लागत से निर्मित शिक्षा संकाय (बीएड कॉलेज) भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 204 लाख रूपये की लागत से निर्मित राइका तौलीसैण मुखेम के भवन पुनर्निमाण तथा 280 की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रतापनगर के विधालय भवन का भी लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं प्रदेश और देश का भविष्य हैं तथा शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार ने शिक्षा मंत्री को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। और राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में बीएड कॉलेज भवन का निर्माण पूरा होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मांग की कि नए भवन से शीघ्र कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया जाए ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।

शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय रावत, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद रावत, डॉ. भान सिंह नेगी, जिला महामंत्री ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख आदि मौजूद रहें।

# एवी जीआईसी लाखामंडल में समर कैंप का आगाज

- विद्यार्थियों ने मनोरंजक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के लाखामंडल स्थित ए.वी. जी.आई.सी. में समर कैंप के प्रथम दिवस की शुरुआत बड़े उत्साह और उमंग के साथ हुई। कैंप में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के तहत बच्चों को बुनियादी अभिवादन जैसे नमस्ते, धन्यवाद, शुभ प्रभात आदि के साथ दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले सामान्य शब्दों और भावों का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों की रुचि को ध्यान में रखते हुए वर्णमाला और संख्याओं को फ्लैश कार्ड के माध्यम से रोचक तरीके से सिखाया गया, जिससे बच्चों ने खेल-खेल में सीखने का आनंद लिया। इसके अलावा सभी छात्रों को अपने हस्ताक्षर सही एवं स्पष्ट तरीके से करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। बच्चों ने रोल प्ले गतिविधि के जरिए एक-दूसरे का अभिवादन करने का व्यवहारिक अभ्यास किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और संवाद कौशल का विकास हुआ। समर कैंप के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में अंत में सभी बच्चों को भोज के रूप में गरमा-गरम हलवा परोसा गया। कैंप में कक्षा पांचवीं से लेकर दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इन सभी गति. विधियों का संचालन एवं अभ्यास अंजू द्वारा कराया गया।

# चकराता में ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर व्यापारियों संग पुलिस की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पर्यटन सीजन शुरू होते ही पहाड़ी पर्यटन स्थल चकराता में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक अव्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को आर्य समाज मंदिर परिसर में क्षेत्राधिकारी विकासनगर विवेक सिंह कुटियाल ने व्यापारियों, होटल एवं होमस्टे संचालकों के साथ बैठक कर बाजार की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की।



बैठक में सीओ विवेक सिंह कुटियाल ने कहा कि इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक चकराता पहुंच रहे हैं, जिससे बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने होटल और होमस्टे संचालकों से कहा कि वे अपने यहां ठहरने वाले पर्यटकों के वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करवाएं, ताकि बाजार में जाम की स्थिति न बने। व्यापारियों ने बैठक में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग उठाई। उनका कहना था कि कई बार बाजार, दुकानों और होटलों में महिलाओं से जुड़े विवाद सामने आते हैं, लेकिन महिला पुलिस न होने के कारण कार्रवाई में दिक्कतें आती हैं। व्यापारियों ने बताया कि कुछ मामलों में नशे की हालत में झगड़े भी हुए हैं, जिससे स्थिति संभालना मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने चकराता में जल्द महिला कांस्टेबल की नियुक्ति की मांग की। बैठक के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर भी चिंता जताई और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस अधिकारियों ने शीघ्र प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कोतवाल चकराता बीएल भारती ने कहा कि कई दुकानदार सड़क किनारे सामान फैलाकर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक जून से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान व सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एसएसआई के.के. सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, सचिव रवीश अरोड़ा, राजस्व अधीक्षक शेखर, होटल व्यवसायी अमित जोशी, अर्जुन देव बिजल्वाण, पंकज जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### विधायक शाह ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

**घनसाली।** बुधवार को घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने ब्लॉक मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विधायक निधि से संचालित योजनाओं और विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक शाह ने अधिकारियों से लंबित पड़े कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। प्रत्येक पूर्ण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाए जाएं, ताकि आम जनता को योजनाओं की जानकारी मिल सके। विधायक ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया। बैठक में खंड विकास अधिकारी विपिन सिंह, राजेश चौहान, सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### नरेंद्रनगर पालिका चुनाव को निर्धारित की समय सारिणी

**नई टिहरी।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड की अधिसूचना दिनाक-25.05.2026 के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल ने जनपद की नगर पालि. का परिषद् नरेन्द्रनगर के अध्यक्ष पद तथा सदस्य पदों के निर्वाचित कराये जाने हेतु समय-सारणी निर्धारित की गयी है । निर्धारित समय सारणी के अनुसार नाम निर्देशन-पत्रों की बिक्री 27 व 29 मई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 30 मई पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक की जायेगी। नाम वापसी 31 मई पूर्वान्ह 10 बजे से सांय 3 बजे तक, निर्वाचन प्रतीक आंवटन का कार्य 01 जून को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक तथा मतदान 09 जून को पूर्वान्ह 08 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक व मतगणना 11 जून को पूर्वान्ह 08 बजे से कार्य समाप्ति तक की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद नरेंद्रनगर के लिए उक्त समस्त कार्य सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा तहसील नरेन्द्रनगर में किये जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस निर्वाचन में वही प्रकिया अपनाई जायेगी जो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नागर स्थानीय निकायों के निर्वाचन के लिए निर्धारित की गयी है।

### सहिया क्षेत्र में गुलदार की बढ़ती सक्रियता ग्रामीणों की रातों की उड़ी नींद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहिया।** चकराता वन प्रभाग के सहिया क्षेत्र में गुलदार की बढ़ती सक्रियता ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है। मंगलवार को कालसी तहसील के अन्तर्गत अलसी गाँव निवासी मुन्ना सिंह बिष्ट की दुधारू गाय को गुलदार ने मार डाला। क्षेत्र में लगातार गुलदार ने मवेशियों को अपना निवाला बना रहा है लेकिन वन विभाग इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है जिसका खामियाजा क्षेत्र के पशुपालकों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि पिछले माह कनबुआ, अलसी, झडवाला, नेवी, कुरोली आदि गाँव में गुलदार एक दर्जन से अधिक पशुओं का शिकार कर चुका है। अलसी निवासी मुन्ना सिंह बिष्ट ने बताया कि मंगलवार को उनकी गाय छानी के समीप थी शाम के समय झाडियों में छिपे गुलदार ने अचनाक दुधारू गाय पर हमला कर उसे मार डाला। पशुपालक ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पटवारी और वन विभाग को दे दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन दरोगा चाँदनी नेगी ने बताया कि सहिया क्षेत्र के बीट प्रभारी को तुरंत मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उनकी रिपोर्ट तैयार होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, गुलदार को आबादी वाले क्षेत्र से जंगल की ओर भगाने के लिए भी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे शाम के समय अकेले घर से बाहर न निकलें और अपने मवेशियों को सुरक्षित बाड़ों में रखें।

# जंगल की भीषण आग से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नागथात को हुआ भारी नुकसान

- स्टोर रूम में रखा आवश्यक सामान जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड कालसी के नागथात स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जंगल में लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। आग की चपेट में आने से विद्यालय का संपूर्ण स्टोर रूम तथा एक कमरे की खिड़की और दरवाजा जलकर राख हो गए। स्टोर रूम में रखा फर्नीचर, अलमारियां एवं अन्य आवश्यक सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया।



आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में दुख और चिंता का माहौल है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य केदार सिंह चौहान ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस आग से केवल विद्यालय की संपत्ति का ही नुकसान नहीं हुआ, बल्कि जंगल में रहने वाले अनेक वन्य जीव भी इसकी चपेट में आए होंगे। उन्होंने जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं पर चिंता जताते हुए सभी से सतर्कता बरतने की अपील की।

आग बुझाने में दिनेश चौहान, सुशील तोमर, गजेंद्र चौहान, जसवीर चौहान, यशपाल तोमर, अतर सिंह, दिलेराम जोशी, शांति वर्मा, सुशील, अमित खन्ना, नरेश दयाल सहित वन विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पुलिस एवं फायर सर्विस की तत्परता से पाया आग पर काबू

**नई टिहरी।** पुलिस एवं फायर सर्विस की तत्परता से टली बड़ी घटना, दिखोल गांव के पास जंगल की आग पर पाया गया काबू। बीती सांय को कोतवाली चम्बा पुलिस को ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि टनल रोड चम्बा स्थित दिखोल गांव में पंचायत भवन के समीप जंगल में आग लग गई है, जो धीरे-धीरे गांव की ओर बढ़ रही है। आग की गंभीरता को देखते हुए आशंका व्यक्त की गई कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो पंचायत भवन सहित आसपास के रिहायशी क्षेत्र को नुकसान पहुंच सकता है तथा बड़ी घटना घटित हो सकती है। सूचना प्राप्त होते ही कोतवाली चम्बा पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। साथ ही टिहरी से फायर सर्विस टीम को भी आवश्यक उपकरणों सहित मौके पर भेजा गया। पुलिस एवं फायर सर्विस की टीम द्वारा संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। पुलिस एवं फायर सर्विस की तत्परता एवं सूझबूझ के चलते संभावित बड़ी घटना टल गई तथा पंचायत भवन एवं आसपास के गांव क्षेत्र को सुरक्षित बचा लिया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन एवं फायर सर्विस टीम के इस सराहनीय एवं मानवीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जंगलों में आग लगने संबंधी किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर जन-धन की हानि को रोका जा सके।

## विधायक ने 278.30 लाख की नहर एवं कुलावों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है, इसी क्रम में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने विकासखण्ड सहसपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ोवाला में 278.30 लाख की लागत की योजना पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहर एवं कुलावों के जीर्णोद्धार योजना का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि योजना के शुरू होने से स्वर्णा नदी क्षेत्र से जुड़े गांवों के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि कार्यों में लाभ मिलेगा और क्षेत्रवासियों को भी राहत पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं प्रदेश के पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार लगातार किसानों और आमजन के हित में कार्य कर रही है वहीं किसान सम्मान निधि सहित जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी एवं कृषि योजनाओं के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाया जा रहा है।कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री यशपाल नेगी, ग्राम प्रधान बड़ोवाला अंजू शर्मा, ग्राम प्रधान राजावाला कैलाश चौहान, विरेश थापली, विनोद थापा, पवन नेगी, देवेंद्र थपलियाल, दीपक जोशी, दीपक कैन्थुरा, अशोक विशिष्ठ, जगदीश नेगी, संदीप कुमार, पार सिंह राणा, विद्यादत्त भट्ट, लीला ठाकुर, ज्योति थपलियाल, अनीता ठाकुर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ब्राइट एंजेल्स स्कूल में वार्षिक स्पोट्र्स वीक संपंन

- प्रतियोगिताओं में रेड हाउस रहा अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में खेल भावना के साथ वार्षिक स्पोर्टस वीक का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विद्यालय का वातावरण प्रतियोगिता की भावना से सराबोर रहा।



स्पोर्टस वीक में विद्यालय के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में खो-खो, फुटबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, स्कूल रेस, 50 व 100 मीटर रेस तथा अन्य कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी क्षमता और खेल कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विक. सित करते है। पूरे सप्ताह चली प्रतियोगिताओं में रेड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

येलो हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तीसरे नंबर पर रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीटीआई खुशीराम जोशी, पंजाब सिंह, सोनी राणा, मोहित रोहिल्ला, शिवानी राठौर, प्रियंका, डा. वीना अरोड़ा, अर्चना ढौंडियाल, राधा जैन, शिल्पा, मनप्रीत, नवोदित, अनुप्रिया, भावना, विनय गुप्ता, प्रीति नेगी आदि मौजूद रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 453 **समय विस्तार-1** दि0: 27.05.2026

अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0) आराकोट-त्यूणी एवं त्यूणी-प्लासू परियोजनायें, डाकपत्थर, देहरादून द्वारा आमंत्रित निविदा सं0: 01/अधि0अभि0(वि0/यां0)/ आराकोट-त्यूणी एवं त्यूणी-प्लासू /2026-27 की तिथियों को निम्नानुसार विस्तारित किया गया जाता है:
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:**- 02.06.2026, 13:00 बजे तक
**निविदा खोलने की तिथि और समय:**- 03.06.2026, 11:30 बजे से
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
**अधिशासी अभियन्ता ( वि0/यां0 )**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# जन अधिकार पार्टी ने एमडीडीए के सहायक अभियंता पर भू-माफियाओं से मिलीभगत का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) ने भू-माफियाओं से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए एमडीडीए के सहायक अभियंता शशांक सक्सेना का पुतला फूंका।

पछवादून क्षेत्र में कृषि भूमि पर धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटिंगों के विरोध में जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष नभ बंसल और प्रदेश सचिव अमजद इलाही के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हरबर्टपुर स्थित एमडीडीए के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर सहायक अभियंता शशांक सक्सेना के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) के जिला अध्यक्ष नभ बंसल एवं प्रदेश सचिव अमजद इलाही के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पार्टी पदाधिकारियों का आरा. प है कि विभागीय मिलीभगत के चलते कृषि भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग का कार्य लगातार जारी है। पहले अवैध प्लाटिंग को खुली छूट दी जाती है और बाद में उन्हीं प्लाटिंगों पर निर्माण होने के पश्चात चालान एवं कार्रवाई के नाम पर लोगों से उगाही की जाती है।



- कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंगों के विरोध में सहायक अभियंता का फूंका पुतला

जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) ने आरोप लगाया कि जब से सहायक अभियंता शशांक सक्सेना की पछवादून क्षेत्र में नियुक्ति हुई है, तब से अवैध निर्माणों एवं अनाधिकृत प्लाटिंग के खिलाफ केवल खानापूर्ति की कार्रवाई की जा रही है। पार्टी का कहना है कि भू-माफियाओं को खुला संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए सहायक अभियंता शशांक सक्सेना को तत्काल पछवादून क्षेत्र से हटाए जाने, पछवादून क्षेत्र में अनाधिकृत प्लाटिंग एवं अवैध निर्माणों के विरुद्ध निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किसी सक्षम एवं निष्पक्ष सहायक अभियंता की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। इस मौके पर सय्याद अली, इकराम मलिक, सद्दाम, यामीन, तालीम, सलीम, फिरोज, इरशाद, समीर, इकराम, आबाद अली, जुल्फुकार, इमरान, शहजाद एवं कादिर सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास और बदलाव के मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंचे पूर्व प्रधान विजयपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के ग्राम कैंचीवाला धूमनगर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सड़क, पानी, सफाई, बिजली सहित अन्य जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान की मांग की। बैठक में पूर्व प्रधान एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजयपाल सिंह बर्तवाल ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सहसपुर विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने और बेहतर व्यवस्था के लिए बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अब विकास और मजबूत नेतृत्व चाहती है तथा जनसंवाद कार्यक्रम के जरिए लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया जा रहा है।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने भी अपने सुझाव रखे और विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विजयपाल सिंह बर्तवाल ने कहा "जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सहसपुर विधानसभा के विकास और बेहतर भविष्य के लिए बदलाव आवश्यक है। "कार्यक्रम में संदीप कुमार, प्रवीण, मंगलू, देवेंद्र, कमल सिंह, अंकुश, जयप्रकाश, सुमित गुप्ता, विकास कुमार, फुरकान अली, धर्म सिंह, विकास चौहान और आनंद मौजूद रहे।

**कार्यालय जिला क्रीड़ा अधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम मनेरा उत्तरकाशी**

पत्रांक- 111/ कॉ.प्र. पत्रा./2026-27/ खेल/उत्तरकाशी/ दिनांक 27.05.2026

**कान्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षकों के चयन हेतु संशोधित प्रेस-विज्ञप्ति**

जिला खेल कार्यालय उत्तरकाशी द्वारा वर्ष 2026-27 में स्पोर्ट्स स्टेडियम मनेरा उत्तरकाशी में वालीबॉल/बैडमिन्टन एवं बाक्सिंग तथा विकास खण्ड पुरोला में नेटबॉल एव वालीबॉल खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचालित किये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक संख्या-65/ कॉ०प्र०पत्रा0/2026-27/ खेल/ उत्तरकाशी दिनांक 14 मई 2026 के द्वारा हिन्दुस्तान एवं शाह टाइम्स में अल्पकालिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी थी, उक्त विज्ञप्ति में नवीन खेल प्रशिक्षण शिविरों के सम्बन्ध में नियमानुसार खेल निदेशालय स्तर से दिशार्निदेश प्राप्त होने तक स्थागित की जाती है।

**प्र. जिला क्रीड़ा अधिकारी**
**उत्तरकाशी**

# सीएम ने अल्मोड़ा को दी 138 करोड़ की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अल्मोड़ा पहुंचकर करीब 138 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 138.092 करोड़ रू0 की योजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया गया जिनमें 112. 113 करोड़ रू0 का लोकार्पण एवं 25.979 करोड़ रू0 की योजनाओं का शिलान्यास किया।

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विवि के नवीन प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, नगर विकास एवं ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेशभर में सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व्यवस्था एवं पेयजल योजनाओं को तेजी से आगे



■ 17 योजनाओं का लोकार्पण तथा 9 योजनाओं का किया शिलान्यास

बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जनपद सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के पूर्ण होने से जनपदवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा की जनता को इन विकास कार्यों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि उत्तराखंड सरकार जनसेवा एवं प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

यहां केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्षा हेमा गैडा, विधायक रानीखेत डॉ प्रमोद नैनवाल, कुलपति एसएसजे विवि सतपाल सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के सहित जनप्रतिनिधि, विवि प्रशासन के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने 'जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें'' विशेष रूप से तहसील रानीखेत में क्षतिग्रस्त आवास एवं कांफ्रेन्स हॉल निर्माण कार्य लागत 4.141 करोड़ रू0, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक अल्मोड़ा में बाउण्ड्रीवाल लागत 3. 833 करोड रू0६, जनपद अल्मोड़ा में भैरव मन्दिर अन्तर्गत अल्मोड़ा में एक पार्किंग का निर्माण कार्य लागत 2.867 करोड़ रू0 सहित अनेक कार्य शामिल हैं।

## खटीमा में मुख्यमंत्री ने जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं



**खटीमा।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को लोहियाहेड हेलीपैड पर जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। उन्होंने किसानों को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, गोविंद टम्टा, डॉ. नवीन भट्ट, अमित कुमार पांडे, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि, जनता उपस्थित थे।

# ऊखीमठ जल संस्थान कार्यालय पर एसडीएम का औचक निरीक्षण, शिकायत निस्तारण में लापरवाही पर फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत ने प्रात: 10:45 बजे जल संस्थान इकाई कार्यालय ऊखीमठ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीय व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव तथा जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजि.का का अवलोकन किया गया, जबकि कार्मिकों की भ्रमण पंजिका एवं लोक शिकायत पंजिका का नियमित रखरखाव नहीं पाए जाने पर उपजिलाधिकारी ने कड़ी नारा. जगी जताई। उन्होंने प्रभारी सहायक अभियंता वीरेंद्र भंडारी को निर्देश दिए कि सभी पंजिकाओं का तत्काल अद्यतन रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा एक सप्ताह के भीतर अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाए।

उपजिलाधिकारी अनिल रावत ने कहा कि ऊखीमठ क्षेत्र में जनप्रति. निधियों एवं आम नागरिकों द्वारा



■ पेयजल समस्याओं के समाधान में देरी पर जताई नाराजगी, एक सप्ताह में मांगी अनुपालन आख्या

पेयजल समस्याओं और शिकायतों के समयबद्ध समाधान न होने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता एवं अनावश्यक देरी पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए जन समस्याओं के प्रति संवे. दनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में दर्ज शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से फीडबैक भी लिया गया। प्राप्त फीडबैक में शिकायतों के निस्तारण को लेकर संतोषजनक स्थिति नहीं पाई गई, जिस पर उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेयजल कनेक्शन संबंधी लंबित प्रकरणों एवं पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# हिमालय की वादियों में गूंजा योग और हरियाली का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भगवान कार्तिकेय की तपोस्थली कार्तिक स्वामी मंदिर प्रांगण में आयोजित "हरित योग कार्यक्रम" उत्साह, ऊर्जा और प्रकृति संरक्षण के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे मंदिर परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर संचालक के.एस. नेगी द्वारा किया गया। उन्होंने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित करता



है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन मुकेश तिवारी (मुख्य फार्मेसी अधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चोपता), राजीव तिवारी (फार्मेसी अधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बाडव) एवं रवींद्र सिंह (योग अनुदेशक, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बाडव) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल टम्टा, आरुष बुटोला, मयंक कुमार टम्टा सहित लगभग 35 पर्यटकों एवं योग प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. रघुवीर सिंह पाल, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी रुद्रप्रयाग, के निर्देशन तथा डॉ. घनेंद्र वशिष्ठ, नोडल अधिकारी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, के सहयोग से किया गया। "हरित योग कार्यक्रम" ने स्वास्थ्य, योग और पर्यावरण संरक्षण के संद. ेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टीचर्स एसोसिएशन ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन लमगड़ा ने भाषा समर कैंप को ऐच्छिक किए जाने की मांग उठाई हैं। बुधवार को मामले को लेकर बीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि संगठन शिक्षा विभाग के नवाचारों, छात्र हित गति. विधियों व भाषा विकास का समर्थन करता है, लेकिन बिना तैयारी के इसे व्यवहारिक नहीं माना जा सकता है। कहा कि वर्तमान में समर कैंप संच. ालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अनुत्तरित हैं। विद्यालयों को पूर्व तैयारी के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं कराया गया है और अधिकांश विद्यालयों में कैंप संच. ालन को आवश्यक संसाधन एवं आधारभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हैं। मांग उठाई की भारतीय भाषा समर कैंप को ऐच्छिक घोषित किया जाए। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष गणेश सिंह भण्डारी, महामंत्री मनोज शर्मा आदि रहे।

# अलकनंदा में डंप हो रहा परियोजना का मलबा, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** टीएचडीसी की जलविद्युत परियोजना के निर्माण कार्य में जुटी हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी पर अलकनंदा नदी में मलबा डंप करने के आरोप लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे पर्यावरण मानकों का खुला उल्लंघन बताते हुए नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मलबा नदी में डालना बंद नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि पावर हाउस साइड से निकलने वाले मलबे को निर्धारित डंपिंग जोन तक पहुंचाने के बजाय सीधे अलकनंदा नदी किनारे डंप किया जा रहा है। उनका कहना है कि कंपनी परिवहन



खर्च और समय बचाने के लिए नियमों को ताक पर रख रही है।

समाजसेवी राकेश नवानी ने कहा कि परियोजना निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबे के निस्तारण के लिए डंपिंग जोन तय हैं, लेकिन इसके बावजूद रात-दिन नदी में मलबा बहाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल अलकनंदा का जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है, बल्कि जलीय जीवों के अस्तित्व पर भी खतरा बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि मानसून सीजन नजदीक होने के कारण नदी में डाला गया मलबा आगे चलकर भारी नुकसान का कारण बन सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो परियोजना निर्माण कार्य ठप कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं, इस संबंध में कंपनी अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला।

# सीएम ने राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड से नवाजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह अल्मोड़ा के उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस वर्ष के लिए 32 संगठनों, व्यक्तियों, समूहों को उनके द्वारा किए गए नवाचारी एवं सतत पहलों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय एसडीजी की वार्षिक रैंकिंग में 6 जनपदों को शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसडीजी अचीवर्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर उन सभी



■ समारोह उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में हुआ आयोजित

व्यक्तित्वों और संस्थाओं को सम्मानित करने का है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं समाजहित में अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने सभी महानुभावों एवं संस्थाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे कर्मयोगियों के बीच उपस्थित होना उनके लिए गौरव का विषय है, जिन्होंने अपने समर्पण, परिश्रम और संकल्प के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य किया है।

उल्लेखनीय है कि स्तरीय एसडीजी की वार्षिक रैंकिंग में प्रथम स्थान रुद्रप्रयाग को मिला। द्वितीय स्थान उत्तरकाशी तथा नैनीताल ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर बागेश्वर, चमोली तथा टिहरी शामिल हैं।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षा हेमा गैडा, विधायक रानीखेत डॉ प्रमोद नैनवाल, दर्जधारी राज्य मंत्री गंगा बिष्ट और गोविंद पिलख्वाल, सदस्य पलायन आयोग अनिल सिंह साही, जिलाध्यक्ष भाजपा महेश नयाल , मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस (सीपीपीजीजी ) मनोज पंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रति. निधि, आम जनमानस एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि एसडीजी रैंकिंग में राज्य का श्रेष्ठ स्थान आना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के राज्य के प्रति लिए गए संकल्पों का परिणाम है। यह हमारे लिए गौरव की बात है जिसे हमारे राज्य के कर्मयोगियों ने सफल किया है। प्रमुख सचिव नियोजन तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस डॉ आर मीनाक्षी सुन्दरम ने एसडीजी की अवधारणा आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं का नया अध्याय : सुबोध उनियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड सरकार इस वर्ष चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और स्वास्थ्य सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने दावा किया है कि केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम सहित चारधाम यात्रा मार्ग पर इस बार स्वास्थ्य सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहने दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार इतनी व्यापक और आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था चारधाम यात्रा के लिए तैयार की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य

■ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवाओं की कोई कमी नहीं, इतिहास में पहली बार बनी इतनी मजबूत व्यवस्था

है। इसी को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग से लेकर धामों तक डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सा टीमों, एम्बुलेंस सेवाओं, ऑक्सीजन सुविधाओं तथा मेडिकल उपकरणों की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में हाई एल्टीट्यूड पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्वास्थ्य जांच केंद्र बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को भी पहले से अधिक मजबूत किया गया है। हेलीकॉप्टर एवं रेस्क्यू व्यवस्थाओं के साथ समन्वय बनाकर यात्रियों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2023-2024 अनुक्रमांक 24007429 की अंकतालिका वास्तव में कहीं गुम गई है।

**अमरीन पुत्री मुकर्रम अली**
माता **कनीजा**, इमलीखेड़ा
रुड़की, हरिद्वार।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बिछड़ा 5 वर्षीय मासूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रुद्रप्रयाग पुलिस की सतर्कता और संवेदनशील कार्यशैली का एक और सराहनीय उदाहरण सामने आया है। गौरीकुण्ड पुलिस ने भीड़भाड़ के बीच परिजनों से बिछड़े 5 वर्षीय मासूम बच्चे को त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल खोजकर उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार 27 मई 2026 को पुलिस चेक पोस्ट गौरीकुण्ड पर जमशेदपुर, झारखंड निवासी रंजीत कुमार ने अत्यंत व्याकुल अवस्था में सूचना दी कि उनका 5 वर्षीय पुत्र लव कुमार केदारनाथ धाम के दर्शन कर वापस लौटते समय भीड़ में कहीं बिछड़ गया है। परिजनों ने बताया कि वापसी के दौरान बच्चे को कुछ देर के लिए एक कंडी संचालक के पास बैठाया गया था, लेकिन बाद में न तो वह व्यक्ति मिला और न ही उसका कोई संपर्क नंबर उपलब्ध



■ गौरीकुण्ड पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर परिजनों से मिलाया

था। मासूम के गुम होने की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह एवं कांस्टेबल विनोद सिंह ने तत्काल खोज अभियान शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने घबराए परिजनों को ढांढस बंधाते हुए बच्चे को शीघ्र तलाशने का भरोसा दिलाया और यात्रा मार्ग सहित आसपास के संभावित स्थानों पर सघन तलाश अभियान चलाया।

पुलिस टीम की तत्परता, सूझबूझ और अथक प्रयासों के चलते कुछ ही समय में मासूम लव कुमार को सकुशल खोज लिया गया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने रुद्रप्रयाग पुलिस की त्वरित कार्यवाही, सेवा भावना और मानवीय संवेदनशीलता की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# नई टिहरी रामलीला के छठे दिन दिन कैकई-भरत संवाद व खर-दूषण वध का प्रभावशाली मंचन

**नई टिहरी।** नई टिहरी में आयोजित रामलीला मंचन के छठे दिन भावनात्मक एवं वीर रस से भरपूर प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैकई-भरत संवाद से हुई, जिसके बाद सूर्पणखा नासिका भेदन तथा खर-दूषण वध के प्रभावशाली दृश्य प्रस्तुत किए गए। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में काँग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, विजय गुनसोला पूर्व प्रमुख भिलंगना, आनंद बेलवाल पूर्व अध्यक्ष बार एसोशिएशन, प्रदीप रमोला पूर्व प्रमुख प्रताप नगर, क्प्म्ज् के प्रधानाचार्य दीपक रतूड़ी, बीर सिंह रावत, डा. मनवीर सिंह नेगी, दिनेश डोभाल सदस्य बी.के.टी.सी, विजय पाल रावत वरिष्ठ काँग्रेस नेता, नवीन सेमवाल सभासद एवं रमेश भद्री खगोल शास्त्री सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नेगी जी ने 1952 से चली आ रही रामलीला को अब तक संरक्षित रखने पर नवयुवक अभिनय श्री रामकृष्ण लीला समिति की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। रामलीला समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र नौडियाल व समिति के अन्य सदस्यों ने मिलकर सभी अतिथि गणों का अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिवादन किया। मंच का संचालन समिति के संरक्षक सतीश थपलियाल ने किया। इस अवसर पर समिति के संयोजक डॉ0 राकेश भूषण गोदियाल, संरक्षक मोहन सिंह रावत (अध्यक्ष, नगर पालिका), कमल सिंह महर, महावीर उनियाल, देशभूषण जोशी, महासचिव अमित पंत, मनोज शाह, त्रिलोक चंद्र रमोला, राजेन्द्र असवाल, राकेश मोहन भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश लांबा, उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, मनोज राय, सुषमा उनियाल, रचना उनियाल, जशोदा नेगी, सभासद उर्मिला राणा, निर्देशक अनुराग पंत, सचिव गंगा भगत नेगी, नन्दू बाल्मीकि, सीताराम भट्ट, भवानी भाई, अनुसुया नौटियाल, सीमा पंत, हरीश गिरी, अनुज पंत, हरीश घिल्डियाल, जयेंद्र पांडे, शिवम गिरी, मनीष पंत, अंकित पांडे, अंजलि गिरी, अंजलि विश्वकर्मा, परिधि पंत, शंकर सैनी, अनिका पंत, कल्पना पांडे, ममता पंत, गबर तथा सूरज गिरी उपस्थित रहे।

**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी**
रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल), उत्तराखण्ड-263139
दूरभाष:-05946-255255, 255926 फैक्स: 05946-282578 वेबसाइट: www.gmchld.org

विज्ञापन संख्या:- 467/जीएमसी/नियु0 **वॉक-इन-इंटरव्यू** दिनांक-27.05.2026

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में संकाय सदस्यों/सुपर स्पेशिलिटी के संकाय सदस्य के रिक्त पदों पर संविदा पर नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 11 जून 2026 (गुरुवार) को पूर्वान्ह-10.00 बजे से कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड) में आयोजित किया जायेगा। पदों की विस्तृत जानकारी हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी की वेबसाइट:-www.gmchld.com & www.medicaleducation.uk.gov.in देखें।

**प्राचार्य**
**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी।**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं, कुमारी प्रीति कौर पुत्री गुरपाल सिंह, 508, खुड़बुड़ा, देहरादून, निजी कारणों से देहरादून नगर निगम द्वारा जारी अपना जन्म प्रमाण पत्र रद्द करवाना चाहती हूँ। **नाम: कुमारी प्रीति कौर** जन्म प्रमाण पत्र संख्या: B20090506617 यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर लिखित रूप में देहरादून नगर निगम को अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश **स्नेह वत्स** अंकित हो गया है, जो कि गलत है। सही नाम **रुद्राक्ष वत्स (RUDRAKSH VATS)** है। मेरे पुत्र का आधार कार्ड भी नहीं बना हुआ है। जन्म प्रमाण पत्र का पंजीकरण संख्या D-2023: 5-90028-002956 है।

**शुभम शर्मा** पुत्र श्री **राकेश कुमार शर्मा**, निवासी: 785 होली चौक के पास, रामपुरी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश। आ.नं.- 755554478950

# राजस्थान ने एसआर को 244 रन का टारगेट दिया

**■ हैदराबाद को पारी की दूसरी बाल पर झटका, सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी खेली, क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए।

जवाब में हैदराबाद ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और ट्रैविस हेड क्रीज पर हैं। टीम को पारी की दूसरी ही बाल पर पहला झटका



लगा। जोफा आर्चर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं।

ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शाट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहत. रीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शार्ट गेंद पर बड़ा शाट लगाने की को. शिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया। चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बास बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकार्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए। शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

# जीटी की ग्राउंड फील्डिंग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी: गिल

**■ पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया**

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 92 रनों की करारी हार झेलने के बाद गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि ग्राउंड फील्डिग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। पहले गें. दबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया।

सबसे अहम मौका कगिसो रबाडा ने 14वें ओवर में प्रसिद्ध कृणा के सामने बल्लेबाजी कर रहे रजत पाटीदार का गंवाया, उस समय पाटीदार 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर ही खेल रहे थे। 14 ओवर की समाप्ति के बाद आरसीबी का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 140 रन था जो कि धर्मशाला की हाई स्कोरिग पिच



को देखते हुए एक पार स्कोर था। इसके बाद पाटीदार ने आक्रमण शुरू किया और अंतिम छह ओवर में आरसीबी ने 114 रन बटोर लिए। पाटीदार ने 33 गेंदों पर नाबाद 93 रनों की पारी खेली। गिल ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें, 13वें ओवर तक हम अच्छी तरह आगे बढ़ रहे थे और मुझे नहीं लगता कि फील्डिग उतनी अच्छी थी। हमने कुछ कैच छोड़े और फिर ग्राउंड फील्डिग भी उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। जीटी की आधी टीम भी पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गई थी और 51 के स्कोर पर उनके पांच विकेट गिर चुके थे। एक समय तो वह 88 पर आठ थे लेकिन राहुल तेवतिया के अर्धशतक की बदौलत वह 162 तक पहुंचने में सफल रहे। अंतिम ओवर में उनकी पारी सिमट गई। गिल ने कहा, दबाव भरी परिस्थितियों में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर आप इस ग्राउंड में पावरप्ले में अच्छा स्कोर करते हैं तो हमें पता है कि यहां गेंद ट्रैवल करती है और यहां की आउटफील्ड भी काफी तेज है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी, वैसी परिस्थिति में अगर एक अच्छा पावरप्ले जाता तो इस तरह के मैदान और परिस्थितियों में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

जीटी के पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका 29 मई को क्वालीफायर 2 में होगा जब वह न्यू चंडीगढ़ में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। अफगानिस्तान ने की भारत के साथ आगामी सीरीज के लिए टीम की घोणा काबुल। अफगानिस्तान ने हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में भारत के साथ आगामी टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोणा कर दी है। यह टेस्ट मैच 2018 के बाद से भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली रेड-बॉल भिड़ंत होगी, जब अफगानिस्तान ने टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया था। अफगानिस्तान टेस्ट टीम में स्टार स्पिनर राशिद खान और बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शामिल नहीं हैं, हालांकि दोनों खिलाड़ियों को भारत के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट टीम में नांग्याल खारोटी, बिलाल सामी और रहमानुल्लाह जदरान को पहली बार शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कैस अहमद सेटअप में वापस आ गए हैं। सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह ओमरजई को भी शामिल किया गया है, दोनों खिलाड़ियों ने अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला है, जो 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ था। इस बीच, भारत सीरीज के दोनों लेग के लिए अपनी टीम में जसप्रीत बुमराह की सर्विस नहीं लेगा। सीरीज छह जून को न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगी। अफगानिस्तान टेस्ट टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जदरान, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी, सलीम सफी अफगानिस्तान वनडे टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, नांग्याल खारोताई, एएम गजनफर, जिया यू रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

## खेल विशेष

### जानिक सिनर व कोको गॉफ ने जीत से की शुरूआत

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी जानिक सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर के खिलाफ पहले राउंड में 6-1, 6-3, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करके यह साबित कर दिया कि वह इस साल का फ्रेंच ओपन जीतने के सबसे बड़े दावेदार क्यों हैं। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण बाहर होने और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण, सिनर 2009 में रौलां गैरो में राफेल नडाल के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट (मेजर) में जीत के लिए सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। इस बीच पिछली महिला चैम्पियन कोको गॉफ ने अपने फ्रेंच ओपन टाइटल डिफेंस की रोमांचक शुरुआत में कई मुश्किलों का सामना किया, पहले राउंड में जीत हासिल करने से पहले उन्हें एक छोटा कार एक्सीडेंट और ड्रेस में खराबी जैसी समस्याओं से निपटना पड़ा।

### एलिस आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन (आयरलैंड), वार्ता।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है। डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं। डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है। 33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतर्राट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं। उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है। वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतर्राट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम ने भारत को 2.1 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारत महिला हॉकी टीम को चार मैचों की मैत्री सीरीज करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षापंक्ति पहले हाफ में ज्यादातर समय मजबूत रहा और दूसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, दूसरे हाफ में मोमेंटम बदल गया जब ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने दो पेनल्टी-कॉर्नर मौकों का फायदा उठाया।

# पर्पल कैप की रेस में अभी भी कर्गिसो रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर कुमार

**■ पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर व कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे**

**धर्मशाला, वार्ता।** क्वालिफायर-1 एकतरफा मुक. ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। लेकिन मुकाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, खासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार और कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग



में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे। मुकाबला खत्म होने तक दोनों के खाते में 26-26 विकेट हो गए। रबाडा ने पहले वार किया। उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया। हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और उनकी इकॉनमी 13-50 रही। भुवनेश्वर का दिन इससे कहीं बेहतर रहा। शुभमन गिल चौथे ओवर में उनका शिकार बने और फिर 19वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया को आउट कर 2/28 के आंकड़े के साथ मैच को खत्म किया। दोनों गेंदबाजों की इकॉनमी में अंतर कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी। इस सीजन में भुवनेश्वर ने 8.00 की इकॉनमी से रन दिए हैं, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.48 रही है। यही वजह है कि पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के सिर पर है। बाकी गें. दबाजों में, जेसन होल्डर ने एक ही ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पड़िक्कल को आउट कर दो विकेट लिए। इसके साथ ही वह सिर्फ नौ मैचों में इस सीजन में 15 विकेट तक पहुंच गए और फलिहाल 12वें स्थान पर आ गए हैं।

# युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरु युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा,

जब युकी भांबरी और माइकल वीनस ने अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ निर्णायक ब्रेक हासिल किया और फिर अगले गेम में सर्व बनाए रखते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ, युकी भांबरी और माइकल वीनस ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अर्जेंटीना की जोड़ी को फिर से ब्रेक किया और फिर एक घंटे 23 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया। युकी भामरी फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल ड्रॉ का भी हिस्सा हैं। वह बुधवार को पहले राउंड में नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक से मुकाबला करने के लिए एलेक्जेंड्रा पनोवा के साथ पार्टनरशिप करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और उनके जोड़ीदार ब्राजील के मार्सेलो डेमोलिनर ने जर्मनी के कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और नीदरलैंड्स के तीन बार के ओलंपियन रॉबिन हासे को एक घंटे 46 मिनट में 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। एन श्रीराम बाला. जी और मार्सेलो डेमोलिनर ने अच्छी शुरुआत की, तीसरे गेम की शुरुआत में ही कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे की सर्विस तोड़कर ओपनिंग सेट पर कंट्रोल कर लिया। इंडो-ब्राजील की जोड़ी ने फिर नौवें गेम में अपना तीसरा सेट पॉइंट मौका बदलकर दूसरा ब्रेक हासिल किया और आगे बढ़ गए। कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे ने दूसरे सेट में सातवें गेम में बालाजी और डेमोलिनर की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, फिर अपनी सर्विस मजबूती से बनाए रखी और मुकाबला बराबर कर दिया और डिसाइडिग सेट में जगह पक्की कर ली। फैंटजेन और हासे डिसाइडिग सेट में शुरुआत में ही लड़खड़ा गए, दूसरे गेम में सर्विस गंवा दी और इंडो-ब्राजीलियन जोड़ी को ब्रेक का फायदा उठाकर मैच खत्म करने और दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिल गया। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन नई दिल्ली। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन हो गया है।

# सिनर और सबालेंका आगे बढ़े मेदवेदेव और पेगुला बाहर

**पेरिस, वार्ता।** पुरुषों और महिलाओं के शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका 2026 फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में आसानी से पहुंच गए, जबकि दानिल मेदवेदेव और जेसिका पेगुला को पहले ही दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6.1, 6.3, 6.4 से आसानी से हरा दिया, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 30 मैचों तक पहुंच गया। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद, यह इतालवी खिलाड़ी खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बन गया था। सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह




एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सत्र में टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए धन्यवाद। इस बीच, छठी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा, जब ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड एडम वाल्टन ने उन्हें पांच सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में 6.2, 1. 6, 6.1, 1.6, 6.4 से हरा दिया। सत्रह वर्ीय फ्रेंच वाइल्डकार्ड मोइज कौमे ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 7.6 (4), 6.2, 6.1 से हराकर घरेलू दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।

# आरसीबी ने दिखाया नॉकआउट मैच में ऐसे प्रदर्शन की जरूरत होती है: कुंबले

**धर्मशाला, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालिफायर 1 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 92 रनों की जीत के साथ आईपीएल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियो स्टार के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने आरस. ीबी की शानदार जीत का विश्लोण किया और रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी पर बात की।

कुंबले ने आरसीबी की जीत का विश्लोण करते हुए कहा, टॉस हारने के बाद, आरसीबी ने बोर्ड पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करके अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। किसी भी मैच में इतने रन बनाना मुश्किल होता है, लेकिन प्लेऑफ में ऐसा करना असली हिम्मत दिखाता है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों को फिर भी मैदान पर उतरकर अपना काम करना था। उन्होंने यह काम शानदार ढंग से किया, जिसमें रजत पाटीदार ने आगे बढ़कर कप्तानी की और



विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने भी अच्छा योगदान दिया।

कुंबले ने कहा कि जब आरसीबी गेंदबाजी करने उतरी, तो उन्होंने जीटी के ओपनर्स को जमने नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई लाइन पर गें. दबाजी की, दबाव बनाए रखा, और साई सुदर्शन के दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने से उन्हें शुरुआती सफलता मिल गई। उस विकेट ने जीत के दरवाजे खोल दिए। वहां से, आरसीबी के गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। यह शुरू से लेकर अंत तक एक बेहत. रीन प्रदर्शन था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फील्डिग – उस रात आरसीबी के लिए सब कुछ एकदम सही रहा। वे सिर्फ जीते ही नहीं, उन्होंने एक बयान दिया है। नॉकआउट मैच में आपको इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत होती है।

रजत पाटीदार की पारी और कप्तानी पर कुंबले ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने साथियों का सम्मान तब कमाता है, जब वह बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। रजत पाटीदार ने ठीक यही किया है। यह पहला क्वालिफायर आरस. ीबी के लिए बहुत बड़ा मैच था। पहला क्वालिफायर जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने से आपको बहुत बड़ा फायदा मिलता है। तीन या चार दिन का आराम खिलाड़ियों को मान. सिक और शारीरिक रूप से ठीक होने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि पहला क्वालिफायर जीतने का यही एक बड़ा फायदा है।

# प्रदूषण विभाग की लंढौरा क्षेत्र में छापेमारी

## रबड़ फूंकने पर तीन ईट भट्टे किए सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** ईट भट्टों पर प्रतिबंधित ईधन इस्तेमाल करने को लेकर मिल रही शिकायतों पर पॉल्यूशन विभाग की टीम ने लंढौरा और भगवानपुर चंदनपुर क्षेत्र में ईट भट्टों पर छापेमारी की कार्रवाई के दौरान तीन ईट भट्टों पर रबड़ का इस्तेमाल करते पाए जाने पर तीनों भट्ठों को सील कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लंढौरा और मंगलौर क्षेत्र में सौ से अधिक ईट भट्ठे संचालित है। अधिकतर भट्टे आबादी से सटे हुए है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अधिकतर भट्ठों पर कोयले की जगह लकड़ी के साथ रबर और प्लास्टिक को फूंक कर ईटे बनाई जाती है। जैनपुर झंझेड़ी के ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जवाइंट मजिस्ट्रेट से की थी। बुधवार को पॉल्यूशन विभाग की टीम ने छापामार अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान लंढौरा क्षेत्र में दो और भगवानपुर चंदनपुर क्षेत्र में एक ईट भट्ठे पर रबर और प्लास्टिक जलाने के मामला पकड़ा गया है। पॉल्यूशन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि तीनों भट्ठों को सील कर दिया गया है। उनका कहना है



कि रबर और प्लास्टिक जलाने वाले भट्टों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान रबर जलाने वाले भट्टा स्वामियों में हड़कंप मचा रहा। टीम में सुनील डबराल, नवीन कार्की शामिल रहे।

# बिजली कनेक्शन काटने व मीटर उतारने पर हंगामा

## नपं प्रतिनिधियों व ऊर्जा निगम की टीम के बीच नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ऊर्जा निगम की ओर से सिंचाई विभाग की भूमि पर लगी अस्थायी दुकानों के बिजली कनेक्शन काटने और मीटर उतारने की कार्रवाई को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हो गया। नगर पंचायत प्रतिनिधियों और ऊर्जा निगम अधिकारियों के बीच घंटों तक नोकझोंक चली। बाद में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद फिलहाल कार्रवाई स्थगित कर दी गई।

बुधवार को ऊर्जा निगम की उपखंड अधिकारी अनिता सैनी और अवर अभियंता गोपाल सैनी के नेतृत्व में टीम कलियर पहुंची। टीम ने अस्थायी दुकानों के बिजली कनेक्शन काटने शुरू कर दिए और कई दुकानों के मीटर भी उतार लिए। अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।मामले की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद, सभासद गुलफाम साबरी, डॉ. शहजाद, राशिद अली, नाजिम त्यागी, दिलबाग और मौसम अली समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ऊर्जा निगम अधिकारियों पर बिना नोटिस दिए कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि ईद जैसे बड़े त्योहार से पहले और बिना नोटिस दिए दुकानदारों के कनेक्शन काटना उचित नही है।इस दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के



बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद ने दुकानों से उतारे गए मीटर को दुकानदारों को वापस कराए। स्थिति तनावपूर्ण होती देख उपखंड अधिकारी ने मामले की जानकारी अधिशासी अभियंता एके मिश्रा और पुलिस को दी।सूचना मिलने पर अधिशासी अभियंता और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। बातचीत के बाद फिलहाल कनेक्शन काटने की कार्रवाई रोक दी गई। साथ ही नगर पंचायत प्रतिनिधियों को अस्थायी दुकानों से संबंधित दस्तावेज लेकर कुछ दिन बाद कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया गया है।चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि बिना सूचना के और नोटिस दिए बिना मीटर हटाने की कार्रवाई का विरोध किया गया है। पहले दुकानदारों को नोटिस दिया जाना चाहिए था। वहीं एसडीओ अनिता सैनी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अस्थायी दुकानों पर लगे मीटर हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कुछ समय की मांग की है।

# सुराज सेवा दल की गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने व नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बेडपुर चौक सुराज सेवा दल के पदाधिकारियों ने देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और युवाओं को बर्बाद कर रहे नशे के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने की पुरजोर मांग उठाई।

दल के प्रदेश सचिव इंतजार प्रधान पीरपुरा ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहाँ सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। एक बड़े समुदाय की आस्था सीधे तौर पर गोमाता से जुड़ी हुई है। गाय में करोड़ों लोगों की श्रद्धा विराजमान है, इसलिए इसका सम्मान होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि देश भर में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की जो मुहिम चल रही है, सुराज सेवा दल उसका पूर्ण समर्थन करता है। केंद्र सरकार को जनभावनाओं का आदर करते हुए अविलंब गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति गाय के साथ क्रूरता करता है या गोवंश के वध में लिप्त पाया जाता है, तो सुराज सेवा दल उसके खिलाफ सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा उन्होंने क्षेत्र में तेजी से फैल रहे नशे के जाल पर भी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्मैक, चरस और अन्य नशीले पदार्थ हमारी आने वाली नस्लों और युवाओं के भविष्य को पूरी तरह बर्बाद कर रहे हैं। सुराज सेवा दल ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि युवाओं को इस दलदल से बचाया जा सके। इस अवसर पर दल के वरिष्ठ नेता रईस अहमद सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी में फेरबदल

## अनिल चौधरी बने बसपा प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड प्रदेश संगठन में बड़ा उलटफेर किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा अनिल कुमार को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है,इसके साथ ही प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार एवं जिलाध्यक्ष मदनपाल को नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

रुड़की प्रीत विहार कॉलोनी स्थित बसपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ नेताओं का जोरदार स्वागत किया। अनिल कुमार ने बसपा अध्यक्ष मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की रीति नीति को आगे बढ़ाते हुए मजबूती के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी चुनावों से पूर्व संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

नवनियुक्त प्रदेश महासचिव चौधरी प्रदीप कुमार एवं जिलाध्यक्ष हरिद्वार अध्यक्ष मदन पाल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को



साथ लेकर पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति में पहुंचाने के लिए लगातार मेहनत की जाएगी। इस अवसर पर भगवानपुर विधानसभा प्रभारी विनोद जयंत,विधानसभा प्रभारी रुड़की एवं झबरेड़ा सोहनवीर सिंह, रामलाल पटेल,धनराज, तेलूराम, रहतु सिंह, चौधरी संजय,लियाकत,तुलसीराम मौर्य,धनराज वर्मा,सोनी कुमार,सद्दाम,शहनवाज त्यागी,मेनपाल,आजादवीर आदि लोग मौजूद रहे।

# बाल विवाह मामले में बड़ी कार्रवाई

## नाबालिग का गर्भवती होने पर हुआ खुलासा, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने बाल विवाह के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 14 साल की नाबालिग की अवैध शादी का खुलासा तब हुआ जब वह अस्पताल में गर्भवती पाई गई। अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। जांच में शादी गैरकानूनी मिली। पुलिस ने तुरंत आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया और ससुराल व मायके पक्ष पर भी केस दर्ज किया।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने साफ कहा कि बाल विवाह अपराध है। इसमें शामिल हर व्यक्ति पर सख्त धाराओं में कार्रवाई होगी। पुलिस अब शादी कराने वाले लोगों की तलाश कर रही है। मंगलौर में बाल विवाह कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। 14 साल की बच्ची की चोरी छिपे शादी करा दी गई। मामला तब खुला जब तबीयत खराब होने पर अस्पताल में उसके गर्भवती होने का पता चला। नियम के मुताबिक अस्पताल ने पुलिस को जानकारी दी। मंगलौर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत पति, ससुराल और मायके पक्ष पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पति जेल भेज दिया गया है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि नाबालिग से शादी गंभीर अपराध है। इस केस को उदाहरण बनाया जाएगा ताकि आगे कोई ऐसी हिम्मत न करे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पति को गिरफ्तार कर लिया है। शादी कराने में शामिल ससुराल और मायके के लोगों पर भी केस दर्ज हुआ है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि समाज को जागरूक होने की जरूरत है। दोषियों पर इतनी सख्त कार्रवाई होगी कि नजीर बने।

# झबरेड़ा बस अड्डे पर अतिक्रमण 80 फीट की रोड हुई 20 फीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा के बस अड्डा अमर जवान चौक केआस पास दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से 80 फुट चौडी सड़क लगभग बीस से पच्चीस फुट ही रह गई है। नगर पंचायत झबरेड़ा अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत के नेतृत्व में बुधवार को कस्बे के मुख्य बाजार व बस अड्डा के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत कर्मचारीयों द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकानदारों से 100 का चालान काटकर खानापूर्ति कर दी जाती है। यही स्थिति कस्बे के मुख्य बाजार की भी है। कस्बे में क्षेत्र वासियों द्वारा स्थाई रूप से अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।

कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य सड़क मार्ग की चौड़ाई 80 फीट है। सड़क के दोनों और के दुकानदारों द्वारा सड़क मार्ग पर अतिक्रमण करने से कस्बे के बस अड्डा अमर जवान चौक के आसपास सड़क मार्ग की चौड़ाई घटकर लगभग बीस फीट ही रह गई है। मुख्य बाजार में भी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सब्जी वालों की फड लगवाते हैं जिससे अच्छी खासी चौड़ी सड़क छोटी हो जाती है। आसपास के गांव से बाजार में आने वाले अधिकतर लोग बाइक से सामान खरीदने के लिए कस्बे के बाजार में आते हैं। यह लोग भी अपनी बाइक सड़क पर खड़ी कर देते हैं जिससे कितनी ही बार मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि समय-समय पर नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के नाम पर दुकानदारों व सब्जी तथा फल ठेली वालों से ध100 का चालान काट कर खाना पूर्ति कर देते हैं। कस्बे व क्षेत्र वासियों द्वारा स्थाई रूप से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

# रुड़की में 29 मई से फिर शुरू होगी एसआईआर की प्रक्रिया : जेएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की में में मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट करने के लिए प्रशासन ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। 29 मई को एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होगी जो 15 सितंबर तक चलेगी।

जॉइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद शेठ ने तहसील परिसर स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। यह अभियान 29 मई से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगा। जॉइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद शेठ ने बताया कि यह एक सामान्य लेकिन बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके तहत



❖बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और जरूरत पड़ने पर फॉर्म नंबर 6 और 8 भरवाकर जमा कराएंगे

सभी मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि हस अभियान काउद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे और गलत नामों को चिन्हित किया जा सके। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में कर्मचारियों और बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। दूसरे चरण में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और जरूरत पड़ने पर फॉर्म नंबर 6 और 8 भरवाकर जमाने कराएंगे। तीसरे चरण में नोटिस जारी करने और सुनवाई की प्रक्रिया होगी।

# छह लावारिस बाइक बरामद

**लंढौरा।** पुलिस द्वारा गस्त के दौरान करीब आधा दर्जन लोग अपनी बाइक छोड़ मौके से भाग निकले पुलिस ने बाइकों को कब्जे में लेकर लावारिस में दाखिल कर दिया है।बुधवार की दोपहर उपनिरीक्षक महेश चंद्रा पुलिस टीम के साथ रुड़की-लक्सर मार्ग पर गस्त कर रहे थे। जैसे ही वह मिलाप ईट भट्टे के समीप पहुंचे तो पुलिस को देख कुछ लोग अपनी बाइकें छोड़ भाग निकले। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने बताया कि बाइकों को कब्जे में लावारिस में दाखिल कर दिया गया है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह चौहान, कास्टेबल मनीष, होमगार्ड कमाल हैदर मौजूद रहे।

# इकबालपुर शुगर मिल की मालकिन को गुजरात पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर मालकिन व अन्य कुछ अधिकारियों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज होने के बाद आखिर गुजरात पुलिस द्वारा शुगर मिल मालकिन को गिरफ्तार कर लिया गया। अब कोतवाली झबरेड़ा में भी शुगर मिल के खिलाफ जो मुकदमे दर्ज थे पुलिस खंगाल रही है।लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर मालकिन श्रेया साहनी को आखिर गुजरात पुलिस द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली झबरेड़ा में भी शुगर मिल मालकिन श्रेया साहनी सहित शुगर मिल महाप्रबंधक सुरेश शर्मा शुगर मिल डायरेक्टर रमजान के खिलाफ चार मुकदमे पूर्व में दर्ज किए हुए हैं। 4 फरवरी 2025 को हर्ष शर्मा निवासी ग्राम हल्लू माजरा थाना भगवानपुर द्वारा शुगर मिल मालकिन श्रेया साहनी महाप्रबंधक सुरेश शर्मा शुगर मिल डायरेक्टर रमजान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था ।आरोप था कि इकबालपुर शुगर मिल की जमीन का फर्जी एग्रीमेंट करते हुए 9 करोड रुपए की धोखाधड़ी कर रुपए हड़प लिए है । रुपए वापस मांगने पर गाली गलौज मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शुगर मिल डायरेक्टर रमजान निवासी ग्राम उरदहाँ थाना रामकोला जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी इकबालपुर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। इससे पूर्व भी सन 2024 में पदम सिंह भाटी निवासी ग्राम धर्मपुर द्वारा लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर मेल मालकिन श्रेया साहनी महाप्रबंधक सुरेश शर्मा पर तीन मुकदमे झबरेड़ा कोतवाली में दर्ज कराए गए थे ।आरोप लगाया गया था कि उक्त द्वारा किसानों के साथ झूठ बोलकर कि वह 14 दिन के अंदर गन्ना भुगतान कर देंगे लेकिन गन्ना भुगतान नहीं किया गया था। इसमें धोखाधड़ी चार सौ बीस तथा पैसे मांगने पर किसानों के साथ गाली गलौज व मारपीट तथा तीसरा मुकदमा किसानों के साथ धोखाधड़ी करते हुए उन्हें बिना बताए उनकी जमीन पर बैंक से लोन लिया गया था ।उक्त तीनों मुकदमे मे वादी पदम सिंह भाटी निवासी ग्राम धर्मपुर ने बताया कि उनके द्वारा शुगर मिल मालकिन श्रेया साहनी व मिल प्रबंधन के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज कराए गए थे। तीनों मुकदमों की जांच सीबीसीआईडी द्वारा भी की गई थी जिसमें लगाए गए सभी आरोप जांच में सही पाये गये थे।

# बेड़पुर में दो ट्रॉली चोरी

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के बेड़पुर में अलग-अलग स्थानों से दो ट्रालियां चोरी होने के मामले सामने आए हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कलियर थाना क्षेत्र के बेडपुर गांव निवासी अकरम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मई को उसने अपने घर के बाहर खाली प्लॉट में अपनी बड़ी ट्राली खड़ी की थी। उसी दिन दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात चोर ट्राली चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बावजूद ट्राली का कोई सुराग नहीं लग पाया।वहीं दूसरा मामला बेडपुर चौक स्थित एक वेल्डिंग की दुकान का है। मरगूबपुर मुस्तफाबाद निवासी शमीम अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी दुकान के बाहर खड़ी करीब दो लाख रुपये कीमत की बड़ी ट्राली 14 मई की रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की लेकिन ट्राली का कोई पता नही चल सका। दोनों पीड़ितों ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए ट्रालियां बरामद करने की मांग की है।

# वाल्मीकि घाट पर ध्वस्तीकरण नोटिस से लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भगवान वाल्मीकि घाट पर सिंचाई विभाग द्वारा ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किए जाने के विरोध में वाल्मीकि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि इस कार्रवाई से समस्त वाल्मीकि समाज की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और समाज में भय तथा असंतोष का माहौल उत्पन्न हो गया है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि घाट केवल एक स्थान नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, सम्मान और धार्मिक पहचान का प्रतीक है। समाज के लोगों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस पवित्र स्थल पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई को वाल्मीकि समाज किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि नोटिस लगाए जाने के बाद समाज में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है और लोगों में भविष्य को लेकर चिंता बनी हुई है।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने समाज को आश्वस्त किया कि वाल्मीकि समाज की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा तथा मामले का न्यायपूर्ण समाधान निकालने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। मंत्री के इस आश्वासन के बाद समाज के लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री श्लोनी पत्नी आनंद नि. टांडा महतौली लक्सर व छोटी पुत्री स्वाती का आचरण ठीक न होने के कारण मैंने श्लोनी व स्वाती से संबंध विच्छेद कर तमाम सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके किसी भी अनैतिक कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कर्म सिंह पुत्र हर्षी नि. ग्राम बुक्कनपुर, थाना पथरी हरिद्वार।**

**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**इस्लाम अंसारी**
**संवाददाता मो. नं.** 9368942735, 9759860322
**विनित भैया**
**संवाददाता मो. नं.** 9837277814

# ईद-उल-अजहा को लेकर मंगलौर नपा ने की तैयारी तेज

## चेयरमैन ने ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाएं परखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ईद-उल-अजहा के त्यौहार को लेकर नगर पालिका परिषद मंगलौर ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने अधिकारियों के साथ ईदगाह पहुंचकर सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि मोहब्बत, भाईचारे, कुर्बानी और इंसानियत का पैगाम देने वाला पर्व है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ईद की नमाज अदा करने आने वाले हर नमाजी को साफ-सुथरा, सुरक्षित और पुरसुकून माहौल मिलना चाहिए। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और शहर की साफ-सफाई तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि खुशियां बांटना और भाईचारे को मजबूत करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका की ओर से ईद-उल-अजहा को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने दुआ की कि



अल्लाह तआला सबकी कुर्बानियों को कबूल फरमाए और शहर में अमन, तरक्की व खुशहाली कायम रखे। साथ ही उन्होंने समस्त देशवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद दी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक जसवीर चौधरी, अवर अभियंता सुभाष चंद्र, नगर पालिका की टीम तथा कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए।

# पूजा-अर्चना व सेवा कार्यों के साथ मंत्री बत्रा ने मनाई माता जी की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने अपनी पूजनीय माता स्वर्गीय ईश्वरी देवी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर माता जी की स्मृति में प्रेम मंदिर और मालवीय चौक स्थित ठंडे शरबत (छबील) एवं भोजन प्रसाद का वितरण भी किया।

जानकारी के अनुसार कैबीनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि उनकी माता जी द्वारा दिए गए परोपकार, जनसेवा और धार्मिक संस्कार ही आज उनके जीवन और जन-प्रतिनिधित्व के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवा और लोगों के प्रति समर्पण की भावना उन्हें अपनी माता जी से ही मिली है।

इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय ईश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मंत्री प्रदीप बत्रा ने ईश्वर से प्रार्थना करते



हुए कहा कि माता जी की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में शाश्वत शांति प्रदान करें।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# होर्मुज पर सहमति

क्या वाकई एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवा. जाही शुरू हो जाएगी। अगर ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी की मानें, तो यह संभव लगता है। इस न्यूज एजेंसी ने अमेरिका ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है और अपनी नोसैनिक घेरा. बंदी खत्म करेगा, इसके बदले में ईरान तीस दिनों के भीतर होर्मुज में व्यवसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। हालांकि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। इतना ही नहीं होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करने की बात रिपोर्ट में कही गई है, लेकिन साथ ही एजेंसी का यह भी कहना है कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना किसी ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। जहां तक बात अमेरिका की है, उसकी तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जाहिर है अभी जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर पेंच बराबर फंसा हुआ है। ईरान के बीच हाईली एनरिच्ड यूरेनियम प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज ईरानी संपत्तियां जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी गतिरोध बना हुआ है। हां रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई है अगर 60 दिनों के अंदर समझौता हो जाता है तो इसको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के रूप में मंजूरी दी जाएगी। जाहिर है अभी यह तो नहीं कहा जा सकता कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई महत्वपूर्ण समझौता हो गया है, लेकिन अगर ईरान कह रहा है कि होर्मुज को लेकर फिल्हाल बात हो रही है और उस पर लगभग समझौता हो गया है तो यह भी दुनिया के लिए एक बड़ी खबर है। लेकिन एक बात यहां यह भी साफ हो जाती है कि ईरान होर्मुज से अपना नियंत्रण छोड़ने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। अब आगे क्या होता है यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि दोनों ही पक्षों के बीच अविश्वास इतना गहरा है कि कब कौन पीछे हट जाए कहा नहीं जा सकता, विशेषकर अमेरिकी राष्ट्रपति के संबंध में तो यह बात पूरी तरह लागू होती है। फिल्हाल तसल्ली की बात यही है कि बातचीत सही दिशा की तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

## छात्रों के लिए यह जीवन मरण का सवाल



देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है, देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले कॉमेडी हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं, मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती, हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है, एसएससी जीडी परीक्षा के एक केंद्र पर 800 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जबकि बैठने की व्यवस्था 250 छात्रों के लिए थी।

**-कन्हैया कुमार, प्रभारी, एनएसयूआई**

# सीबीएसई का डिजिटल प्रयोग बना छात्रों की सबसे बड़ी परीक्षा



**प्रो. आर.के. जैन**



जब सुधार के नाम पर व्यवस्था ही संकट बन जाए, तब शिक्षा तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली लागू की, जिसे पारदर्शिता और गति की दिशा में बड़ा कदम माना गया। उद्देश्य था निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन, लेकिन वास्तविकता ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ दिया। धुंधली स्कैनिंग, गलत उत्तर पुस्तिकाओं का अपलोड, कई उत्तरों का बिना जांच छूटना और पोर्टल की तकनीकी विफलताओं ने वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन पास प्रतिशत गिरकर 85.2 प्रतिशत पर आ गया, जो सात वर्षों का सबसे निचला स्तर रहा। कई मेधावी छात्र अचानक कम अंकों से स्तब्ध रह गए। यह केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि सपनों पर पड़ा गहरा आघात बन गया।

जहां शिक्षा सपनों को उड़ान देती है, वहीं डिजिटल अव्यवस्था ने हजारों छात्रों के भविष्य पर विराम लगा दिया। जेईई मेन पास करने वाले कई मेधावी छात्र ओएसएम की खामियों के कारण क्लास 12 में अपेक्षित अंक नहीं ला सके। कई मेधावी छात्र अपेक्षित अंकों (विशेषकर 75 प्रतिशत कट-ऑफ) से पीछे रह गए, जिससे एनआईटी/आईआईटी आदि में प्रवेश प्रभावित हुआ। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में अप्रत्याशित कम अंकों ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोचिंग का खर्च, जागी रातें और सुनहरे सपने एक तकनीकी गड़बड़ी के आगे बिखरते दिखे। यह केवल रिजल्ट की भूल नहीं, बल्कि युवाओं के करियर और आत्मविश्वास पर गहरा आघात है।

जब एक गलती मार्कशीट से निकलकर मन तक पहुंच जाए, तब उसका असर सबसे भयावह हो जाता है। पूरी मेहनत और समर्पण से तैयारी करने वाले हजारों छात्र अचानक चिंता, निराशा और मानसिक दबाव में घिर गए। सोशल मीडिया पर उठते हमारी मेहनत क्यों बर्बाद? जैसे सवाल व्यवस्था की संवेदनहीनता उजागर करने लगे। कई विद्यार्थियों की नींद छिन गई, परिवार तनाव में डूब गए और कॉलेज एडमिशन की डेडलाइन ने युवाओं को टूटन के कगार पर पहुंचा दिया। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास जगाना है, न कि युवाओं को असुरक्षा में धकेलना। लेकिन सीबीएसई की लापरवाही ने हजारों घरों की शांति और भरोसा दोनों हिला दिए। डिजिटल गलती का यह प्रभाव अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर की बेचैनी बन गया। जब जांच की प्रक्रिया ही भरोसे के संकट में घिर जाए, तब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। जिन स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र स्वयं स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पा रहे, उसी डिजिटल प्रारूप में निष्पक्ष री-इवैल्यूएशन कैसे संभव माना जाए? यही कारण है कि मैनुअल री-चेकिंग की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है। शिक्षक जब वास्तविक कॉपी देखकर जांच करते हैं, तब वे लिखावट, उत्तर की संरचना और सोच की क्रमबद्धता को बेहतर समझ पाते हैं। इसके विपरीत ओएसएम में धुंधली इमेज, सीमित .श्यता और स्क्रीन थकान के कारण कई सही उत्तर भी अनदेखे रह गए। यही कारण है कि प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग या पूर्ण समीक्षा की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है।

डिजिटल व्यवस्था की चमक उस समय बिखर गई, जब पोर्टल की खामियां छात्रों के लिए नई परेशानी बन गईं। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों को घंटों पोर्टल पर जूझना पड़ा, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बना दिया। पेमेंट फेल होने के बावजूद राशि कट जाना, कैप्चा गायब होना और आवेदन 'पेंडिंग' रहना जैसी समस्याओं ने तनाव कई गुना बढ़ा दिया। कई छात्रों को आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी और अनिश्चित बनी रही। सीबीएसई द्वारा फीस कम करना और डेडलाइन बढ़ाना राहत जरूर है, पर यह केवल अस्थाई उपाय है। असली संकट कमजोर डिजिटल ढांचे का है। तकनीक तभी वरदान बनती है, जब उसकी नींव मजबूत, सुरक्षित और भरोसेमंद होय अन्यथा वही सुविधा शिक्षा पर अतिरिक्त बोझ बन जाती है। एक तकनीकी गलती छात्रों की प्रतिभा तय नहीं कर सकती, लेकिन उसने सीबीएसई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओएसएम की खामियों ने साफ कर दिया कि चूक प्रणाली की है, छात्रों की मेहनत की नहीं। जेईई मेन जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों की योग्यता किसी पोर्टल त्रुटि से कम नहीं हो जाती। ऐसे समय में छात्रों को अपना आत्मविश्वास और तैयारी बनाए रखनी चाहिए। नए कौशल और वैकल्पिक अवसर आगे की राह मजबूत करेंगे। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संघर्ष और धैर्य से तय होती है। यह संकट छात्रों का नहीं, बल्कि सीबीएसई की डिजिटल व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है। अब जिम्मेदारी सीबीएसई और नीति-निर्माताओं की है। शिक्षा व्यवस्था में भरोसा लौटाना है, तो केवल सफाई नहीं, ठोस सुधार जरूरी हैं। आई-आई-टी जैसे संस्थानों की मदद से ओएसएम प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग तुरंत शुरू होनी चाहिए। जब डिजिटल मूल्यांकन पर इतने सवाल उठ चुके हैं, तो पूरा परिणाम दोबा. रा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब जरूरत निर्णायक कार्रवाई की है। छात्रों की आवाज आज शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है। जब एक तकनीकी व्यवस्था लाखों सपनों को संदेह में डाल दे, तब यह केवल रिजल्ट की गड़बड़ी नहीं रह जाती, बल्कि पूरी डिजिटल शिक्षा प्रणाली पर सवाल बन जाती है। जब लाखों छात्र एक साथ प्रभावित हों, तब चुप्पी समाधान नहीं बन सकती। यदि सीबीएसई छात्र हित को केंद्र में रखकर मैनुअल री-चेकिंग और तकनीकी सुधार लागू करे, तो खोया भरोसा लौट सकता है। अब बोर्ड को स्वनिर्णय लेते हुए पूरे परिणाम की निष्पक्ष मैनुअल समीक्षा करानी चाहिए। छात्रों को भी अपनी मेहनत और संघर्ष पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह कठिन दौर बीत जाएगा, प्रणाली सुधरेगी, लेकिन युवाओं की लगन ही देश का असली भविष्य तय करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# अनोखे बीटल्स जो आपको खुशबू से ठगते हैं

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो.



चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरो. पियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्राय: फूलों में पाए जाते हैं।

जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना। शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

**-स्रोत फीचर्स**

# एक मंच पर आने की रणनीति बना रहीं नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां



**यशोदा श्रीवास्तव**

भारत के पांच प्रदेशों में हुए चुनाव परिणाम का असर नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों पर पड़ा है। पश्चिम बंगाल जो कभी कम्युनिस्ट का न केवल गढ़ था, वहां लंबे समय तक कम्युनिस्ट की सरकार रही है, इस चुनाव में तो उसका नामलेवा तक कोई नहीं बचा। जबकि एक वक्त था जब बंगाल में लगातार 12 वर्षों तक उसकी सरकार रही है।त्रिपुरा में कम्युनिस्ट अब नहीं है। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से उसका सफाया हो गया। ले दे कर एक केरलम था जहां कम्युनिस्ट की सरकार बची हुई थी। इस चुनाव में यहां से भी उसका सफाया हो गया।

भारत के इन चुनाव परिणामों से नेपाल के कम्युनिस्ट दलों में बौखलाहट स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी रूप में नेपाली कम्युनिस्ट दलों को भारत के कम्युनिस्ट पार्टियों से खाद पानी मिलता रहता था। नेपाल के कम्युनिस्ट दलों की चिंता यह है कि एक तो नेपाल में भी वे कमजोर हो गए दूसरे उनकी हौसला अफजाई करने वाले भारत के कम्युनिस्ट दल भी हासिए पर आ गए। भारत में कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र देख नेपाल के प्रमुख कम्युनिस्ट नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में कम्युनिस्ट विच. ारधारा को बचाने की कोशिशों में जुट गए हैं। उन्होंने टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों को एक मंच पर आने की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया से कम्युनिस्ट विच. ारधारा को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। इसे समझना होगा वरना हम सब मारे जाएंगे।

पिछले दिनों काठमांडू में 26 वें निर्मल लामा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए प्रचंड ने कहा कि देश के भीतरी और बाहरी प्रतिक्रिया वादी ताकतें नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को नेस्तनाबूद करने की साजिश में लगी हुई है। ऐसा कहकर प्रचंड ने नेपाल की राजनीति में एक नई बहस की शुरूआत कर दी है। प्रचंड ने भारत का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि यदि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों ने इस वास्तविकता को स्वीकार कर आत्ममंथन नहीं किया, तो यह श्रमिक वर्ग और उनकी आकांक्षाओं के साथ अन्याय होगा। प्रचंड ने श्रमिक वर्ग का जिक्र इसलिए किया ताकि इसका संदेश विश्व स्तरीय हो।

उन्होंने कहा, कम्युनिस्ट आंदोलन को नेपाल से समाप्त करने के लिए देशी-विदेशी प्रतिक्रियावादी शक्तियां बड़े डिजाइन के तहत काम कर रही हैं। यदि हम इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते, तो हम जान-बूझकर या अनजाने में श्रमजीवी वर्ग के साथ विश्वासघात करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों को सबसे पहले अपने भीतर आत्मसमीक्षा करनी चाहिए और अपनी कमजोरियों को सुधारना चाहिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि सभी कम्युनिस्ट शक्तियां एकजुट होकर नए ढंग से आंदोलन को आगे बढ़ाएं। प्रचंड ने साफ कहा कि नेपाली जनता भी चाहती है कि सभी कम्युनिस्ट दल एकजुट होकर देश के राजनीतिक भविष्य को आगे बढ़ाएं। प्रचंड का यह विचार सामने आते ही विभिन्न धड़ों में बंटे हुए कम्युनिस्ट दलों के एक मंच पर आने की संभावना को लेकर बहस छिड़ गई है। बताने की जरूरत नहीं कि नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा राजशाही के जमाने से ही काफी मजबूत रही है। एक बार नेपाली कांग्रेस के स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के समर्थन से बनी प्रखर कम्युनिस्ट नेता स्वर्गीय मनमोहन अधिकारी के नौ महीने के शासन को आज भी याद किया जाता है। वहीं राजशाही खत्म होने के बाद सत्ता में प्रचंड के नेतृत्व में आई पहली कम्युनिस्ट सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही। प्रचंड को नौ महीने में ही सरकार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद आते जाते रहे सभी कम्युनिस्ट सरकारों का कार्यकाल बेहतर नहीं रहा। कभी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी सरकार में आई तो कभी कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से नेपाली कांग्रेस सत्ता में आती रही,सभी के सभी जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने में कामयाब नहीं रहे। यही वजह है कि नाराज जनता ने एक दम नई पार्टी ष्जिसे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नाम से जाना जाता है ष को भारी बहुमत से सत्ता सौंप दी जिसके प्रधानमंत्री हैं काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह। बालेन शाह का अभी तक जो कार्यकाल है,वह बहुत परिवर्तन कारी नहीं दिख रहा। नेपाल के एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने क्या खूब कहा कि बालेन शाह नेपाल को एक नगर-निगम की भांति चला रहे हैं। नेपाल में लगभग गुम हो गई कम्युनिस्ट पार्टियां क्या फिर वापसी कर पाएंगी, इस बाबत कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन नेपाल की जनता के मूड का भी कोई भरोसा नहीं। जब वह नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों को एक झटके में खारिज कर सकती तो बालेन शाह क्या हैं? बतौर प्रधानमंत्री जब बालेन शाह के अबतक कार्यकाल की समीक्षा करें तो इसमें आम जनता के लिए कुछ खाश नहीं है। सुकंबासी कहे जाने वाले एक बड़े वर्ग के घरों को उजाड़ कर उन्हें नाराज कर दिया गया है। ऐसे लोगों की आबादी करीब 20 लाख है। ए लोग कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस के वोटर हुआ करते थे। सुकंबासी परिवारों का कोई न कोई सदस्य अमेरिका और अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में रहता है। इन सदस्यों के कहने पर इस बार सुकंबासियों का वोट राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को झूम कर मिला। फिलहाल बहुत कम समय में ही इस समुदाय का मोह बालेन शाह सरकार से भंग हो गया, ऐसा जान पड़ रहा है। नेपाल के आर्थिक समृद्धि में मारवाड़ी समाज का भी योगदान कम नहीं है। पूरे नेपाल में इनकी भी आबादी लाखों में है। ए नेपाल के हर क्षेत्र में फैले हुए हैं। वीरगंज में इस समुदाय के लोगों का भी घर उजाड़ दिया गया है। इससे पूरे नेपाल के मारवाड़ी समुदाय सरकार से खफा है। भारत नेपाल सीमा पर सामानों की खरीदारी पर सख्त प्रतिबंध से नेपाल के तराई वासी भी बालेन सरकार से नाराज हो गए। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवारों को तराई वासियों ने भर भर कर वोट दिया था।

नेपाल उच्च न्यायालय ने बालेन सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी है लेकिन राजनीतिक रूप से बालेन शाह का नुकसान तो हुआ ही। बालेन सरकार के इन फैसलों का विरोध नेपाली कांग्रेस ने भी किया और कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी। बालेन सरकार के हर उस कदम पर विपक्ष खासकर कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर है जो जनता के माफिक न हो। नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर बालेन सरकार के विदेश नीति पर भी और राजदूतों की संभावित नियुक्तियों पर भी टिकी हुई है।बालेन शाह की सरकार कई अंतर्राष्ट्रीय विषयों को लेकर कंफ्यूज दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने अमेरिका से आए ट्रंप के खास दूत से मुलाकात नहीं की और अभी हाल ही भारत के विशेष दूत विक्रम मिसरी से भी वे नहीं मिले। दोनों बड़े देशों के सरकारों की ओर से भेजे गए विशेष दूतों से न मिलने का कारणों पर भी कम्युनिस्ट दलों की बारीक नजर है। पहले की सरकारों में नेपाल भारत और चीन के करीब रहा है। अब यहां अमेरिका हावी होता हुआ दिख रहा है। बालेन शाह बतौर प्रधानमंत्री अभी किसी देश के दौरे पर नहीं गए हैं। 11 मई को उनका भारत दौरा प्रस्तावित था जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां उनके विदेशी दौरे की प्राथमिकता पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। कुल मिलाकर नेपाल के राजनीति में यह देखा जा रहा है कि 2026 के चुनाव में हासिए पर आ आ गई नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां एक ओर जहां अंदरखाने एक मंच पर आने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है वहीं बालेन सरकार के आंतरिक और विदेशी नीतियों पर खामोशी से नजर गड़ाए हुए हैं। नेपाल राजनीति को अंदर तक समझने वाले विश्लेषकों का कहना है कि नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां यदि एक मंच पर आने में कामयाब हो गई तो अभी भले नहीं, आने वाले दिनों में बालेन शाह सरकार के समक्ष बड़ी चुनौती पेश कर पाने में सफल जरूर होंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)





# लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी, 31 की मौत


## अमेरिकी मध्यस्थता में युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद अब तक की सबसे भारी बमबारी

**बेरुत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है।

> ■ अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं

ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले 'ब्यूफोर्ट कैसल' के आस-पास के इलाकों में किए गए हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि कुछ हमले ब्यूफोर्ट कैसल के करीब हुए हैं। यूनेस्को ने करीब 900 साल पुराने इस किले को इस इलाके में 'मध्ययुगीन किलों के सबसे सुरक्षित बचे हुए उदाहरणों में से एक' के रूप में मान्यता दी है। ईरान युद्ध के 89वें दिन इजरायल के हमलों में काफी तेजी आई है।










### अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रम्प पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नए हमले किए हैं।




### अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के अधिकारी डा. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

